
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



नेटफ्लिक्स की सीरीज 'चुंबक' देने आ रही हंसी की डोज...

6 हफ्ते के लिए बेड रेस्ट पर गई

वर्ष : 12 | अंक : 220 | लखनऊ, 03 अगस्त, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री, शाह और योगी को धमकी, मामला दर्ज



रांची। झारखंड पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'जान से मारने की धमकी' देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। रांची जिले के नगरी पुलिस थाने में शनिवार को भाजपा के नगरी मंडल अध्यक्ष रितेश राज महतो की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

### कोडीन जब्ती में आरोप तय करने के आदेश



नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने 4,300 किलो से अधिक मात्रा में कोडीन आधारित खांसी का सिरप गैर-कानूनी रूप से रखने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि उपलब्ध सबूतों के आधार पर उस व्यक्ति पर गंभीर संदेह पैदा होता है।विशेष न्यायाधीश जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मामला बनता है।

### राष्ट्रपति 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा के दौरे पर



नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान कटक, खुर्दा और गंजाम जिलों में सुरक्षा और लॉजिस्टिक इंतजामों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रपति 3 अगस्त को कटक स्थित जगद्गुरु कृपालु विवि का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद 4 अगस्त को वह रेल मार्ग से भुवनेश्वर से बरहमपुर पहुंचेंगी।

### मायावती ने सिद्धार्थ को पार्टी से किया बाहर



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले पूर्व सीएम मायावती ने बहुजन समाज पार्टी के संगठन में एक बार फिर बड़ा बदलाव किया है। मायावती ने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करते हुए पार्टी से निकाल दिया है। ऐसा ही एक्शन मायावती ने रणधीर सिंह बेनीवाल के साथ भी किया।

### राम के नाम पर लूट हो रही: संजय राउत



मुंबई। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे परसरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का मुद्दा उठाना कोई अपराध नहीं है। अगर चोरी हुई है तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों से सवाल होने चाहिए। उनके नाम लूट हो रही है। राउत ने कहा कि चढ़ावे के मुद्दे को हमने संसद के अंदर और बाहर उठाया था।

## प्रधानमंत्री ने 'नशा मुक्त युवा से विकसित भारत संकल्प अभियान' शुरू किया

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की ताकत भारत के निर्माण में निभाएं अहम 'भूमिका'

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा से विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ 100 सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में उन्होंने हर नागरिक, खासकर युवाओं से सक्रिय रूप से जुड़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के युवाओं का तन-मन से स्वस्थ, आत्मविश्वास से भरपूर और नशे जैसी घातक आदतों से दूर रहना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह अभियान व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभियान का नाम ही इसके संकल्प को स्पष्ट करता है। जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तब यह आवश्यक है कि युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें, आत्मविश्वास से भरपूर हों और ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर रहें। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को यह संकल्प लेना होगा कि देश के युवा नशे और ड्रग्स के खतरे को समझें, हर तरह से जागरूक रहें और इससे दूर रहें। उन्होंने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर असर पड़ता है।

### 100 सप्ताह का नशामुक्ति अभियान बनेगा जन आंदोलन

### युवाओं को नशे के खतरों के प्रति जागरूक रहने का किया आह्वान





### युवाओं को बताया 'अमृतपीढ़ी'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इस बड़े अभियान के लीडर हैं। उन्होंने युवाओं की जागरूकता, समझदारी और कर्तव्यों के प्रति गंभीरता की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि युवा भारत की 'अमृतपीढ़ी' हैं। 20-25 वर्षों में वे अपने जीवन को दिशा देने के साथ 2047 तक देश को विकसित भारत की मंजिल तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि देश को युवाओं की ऊर्जा, कल्पनाशक्ति और प्रतिभा की जरूरत है। इसलिए देश और अपने जीवन के लिए युवाओं का नशामुक्त रहना बेहद जरूरी है।

### सामूहिक अभियान से मिलेगी ऊर्जा

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ काम ऐसे होते हैं, जिन्हें व्यक्ति अकेले करने का प्रयास करता है तो निराशा और थकान महसूस हो सकती है। लेकिन जब वही काम सामूहिक अभियान बन जाता है और करोड़ों लोग कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते हैं, तो उसमें नई ऊर्जा पैदा होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी सामूहिक शक्ति के साथ चलाया जा रहा यह अभियान हर युवा के मन को छुएगा।

### 100 रविवार होंगे नशामुक्त की दिशा में मजबूत कदम

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 100 रविवार 'नशा मुक्त भारत' की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई युवा गलती से नशे की गिरफ्त में आ भी गया है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसके सारे रास्ते बंद हो गए हैं। उन्होंने परिवारों से अपील की कि यदि घर का कोई बच्चा नशे का शिकार हो गया है तो सामाजिक प्रतिष्ठा की आड़ में इसे छिपाया नहीं जाना चाहिए। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों और चिकित्सा सहायता की मदद लेकर बच्चे को नशे से मुक्त कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। साथ ही, परिवार में बच्चों के साथ खुलकर संवाद की संस्कृति विकसित करने पर भी जोर दिया।

### योग, ध्यान और पुनर्वास केंद्रों की मदद लेनी चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि समाज का सहयोग, योग और ध्यान की ताकत नशे के खिलाफ आंतरिक शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आज नशा छोड़ने के लिए पुनर्वास केंद्र जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने युवाओं और परिवारों से जरूरत के अनुसार इन सुविधाओं की मदद लेने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि कार्यक्रम से स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र ऑनलाइन जुड़े हैं।

### देश के शिक्षाविद नशे के खिलाफ आंदोलन चलाएं

पीएम मोदी ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों से भी अपील की कि वे पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ छात्रों से ड्रग्स के खतरों पर बातचीत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में नशे के खिलाफ जागरूकता का आंदोलन चलाया जाना चाहिए और शिक्षकों के प्रयास इसके सकारात्मक परिणाम ला सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ अभियान में सरकार मजबूती से युवाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि देश में नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्रहित में करें

पीएम मोदी ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें अपनी क्षमता को बचाकर रखना होगा। उन्होंने कहा कि ड्रग्स कुछ समय के लिए नशा या उत्साह दे सकते हैं, लेकिन इसके दीर्घकालिक परिणाम करियर और परिवार दोनों के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकते हैं। युवाओं को अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का इस्तेमाल देश के निर्माण और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए करना चाहिए।

## राहुल का डीएमके को संदेश

# परिसीमन बिल का समर्थन जनता के साथ धोखा होगा

**सरकार तमिलनाडु की राजनीतिक ताकत छीनने का प्रयास कर रही**



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सभी विपक्षी दलों से संसद में परिसीमन बिल का विरोध करने का आह्वान किया है। राहुल ने कहा कि इस बिल का विरोध हर तमिल और राष्ट्रीय पार्टी को करना चाहिए। अगर कोई इस बिल का समर्थन करता है, तो वह तमिलनाडु की जनता के साथ धोखा करेगा। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार परिसीमन बिल पास करके तमिलनाडु की राजनीतिक ताकत छीनने का प्रयास कर रही है। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार दक्षिण के राज्यों से उनकी राजनीतिक ताकत छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह तमिल लोगों की राजनीतिक ताकत छीनने की एक साजिश है। इसलिए हर एक तमिल पार्टी और राष्ट्रीय पार्टी को संसद में इस परिसीमन विधेयक को नाकाम करने के लिए काम करना चाहिए।

### बिल का समर्थन करने वाला जनता को देगा धोखा: राहुल



राहुल ने जोर देकर कहा कि इस बिल का समर्थन करने वाला 21वीं सदी का एट्टप्पन होगा। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इस बिल का समर्थन करता है, वह तमिलनाडु और राज्य के भविष्य के साथ विश्वासघात करता है। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति जो परिसीमन विधेयक को पारित कराने में भाजपा के प्रयास का समर्थन कर रहा है। वह तमिलनाडु के के साथ धोखा कर रहा है। इतिहास उन्हें 21वीं सदी के एट्टप्पन के रूप में याद रखेगा। तमिलनाडु की इतिहास में एट्टप्पन नाम धोखे का पर्यायवाची है। यह 18वीं सदी के उस तमिल शासक से प्रेरित है, जिसने स्वतंत्रता सेनानी वीरपांडिया कट्टाबोम्मन को पकड़वाने में अहम भूमिका निभाई थी।


### डीएमके के रुख में आया बदलाव

डीएमके शुरुआत से ही इस बिल का विरोध करती रही है। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस द्वारा दिए गए धोखे के बाद उसके रुख में बदलाव देखने को मिल सकता है।अब यह बात सामने आई थी कि डीएमके इस बिल पर केंद्र सरकार को समर्थन देने के बारे में सोच रही है। अगर केंद्र सरकार केवल जनगणना के आधार पर परिसीमन लाने का फैसला करती है, तो इससे तमिलनाडु की नुकसान होगा। इस पर वह समर्थन नहीं करेंगे। लेकिन अगर सभी राज्यों को समान सीटें बढ़ाई जाती हैं और पार्टी के मुद्दों को ध्यान में रखा जाता है। तो पार्टी इस बारे में आगे बात कर सकती है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# एसआईटी चंपत, मिश्रा समेत 200 लोगों से करेगी पूछताछ

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की कार्रवाई अब और तेज हो गई है। जांच एजेंसी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय, पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा और गोपाल राव से एक बार फिर पूछताछ करने की तैयारी में है। जांच के दौरान दस्तावेज और शुरुआती बयानों में सामने आए विरोधाभास के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। एजेंसी ने इस मामले में सिर्फ 8 मुख्य आरोपियों पर ही अपना शिकंजा नहीं कसा है, बल्कि 200 से भी ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इन सभी संदिग्धों और गवाहों को समन भेजकर एजेंसी के सामने पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। मिश्रा ने निगरानी में चूक की बात स्वीकारते हुए पूरी जिम्मेदारी टिन्नू यादव पर डाली थी, वहीं चंपत राय ने बैंक के साथ हुए समझौतों सुरक्षा व्यवस्था और गिनती की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए थे।

# भाजपा सरकार ने किसानों-नौजवानों, छात्रों के साथ किया धोखा : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों-नौजवानों, छात्रों के साथ धोखा किया है। छात्रों, नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहा है। खाद की बोरी से चोरी हो रही है। डीजल-पेट्रोल की बढ़ती महंगाई से खेती की लागत बढ गयी है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। नौजवानों को नौकरी-आरक्षण नहीं मिल रही है। नीट पेपर लीक हुआ। यूपी में भर्ती परीक्षाओं के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए। समाजवादी पार्टी इन सभी मुद्दों को विधानसभा में उठायेगी। विधान मंडल सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक जनता से जुड़े सभी मुद्दों को उठाएंगे। रविवार को समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल की बैठक समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में हुई। विधानमंडल दल की बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। बैठक में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए।

बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर पेट्रोल में एथनाल मिलाने से, ई-20 से इफेसियंसी बढ़ती है, माइलेज बढ़ता है। मेन्टीनेंस जीरो हो जाता है तो आटोमोबाइल कम्पनियों को विज्ञापन देना चाहिए। लोगों को जानकारी देनी चाहिए। भाजपा सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बर्बाद कर दी है। शिक्षा विभाग की भर्तियों में भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा छात्रों को नौकरी-आरक्षण नहीं दे रही है। एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार है। अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी, चंदा चोरी हो गया। रामपुर के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को लेकर पहले दिन से भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं थी। भाजपा सरकार शिक्षा संस्थानों को बढ़ता हुआ नहीं देख पाती है। यह सरकार अपने कार्यकाल में खुद कोई विश्वविद्यालय नहीं बना पायी, लेकिन जौहर विश्वविद्यालय पर हथौड़ा चलाना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 साल में 26386 स्कूल बंद हो गये। प्राथमिक स्कूलों में छात्रों की संख्या घट गयी है। सबसे ज्यादा लखीमपुर खीरी में 758 प्राइमरी स्कूल मर्जर और बंद हुए है।

सीतापुर में 650, प्रयागराज में 638, मुख्यमंत्री के अपने क्षेत्र में लगभग पांच सौ स्कूल बंद हुए हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2017 में 1 लाख 13 हजार 938 प्राइमरी स्कूल थे।

### सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार, मंत्रियों, नेताओं ने आन्दोलनकारी छात्रों के साथ समझौता किया। कहा गया कि छात्रों, नौजवानों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं दर्ज होगा, उत्पीड़न नहीं होगा लेकिन अब छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिस तरह का व्यवहार हो रहा है, उससे सरकार की क्या क्रेडिबिलिटी रह गई है। श्री यादव ने कहा कि जो लोग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का दावा करते हैं, उन्हें सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। एक सवाल के जवाब में कहा कि इस सरकार में जितने एक्सप्रेस-वे बने सब में भ्रष्टाचार हुआ। एक्सप्रेस-वे बनते ही कई जगह, धंस गये, टूट गये। कहने को माडर्न टेक्नालाजी के साथ लखनऊ-कानपुर सड़क बनायी। लेकिन उद्घाटन के 13 दिन में ही धंस गयी। श्री यादव ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर कलाकारों को सम्मान दिया जाएगा। जो हमारी हिन्दुस्तानियत की परम्पराओं को बढ़ावा देते है, ऐसे लोगों का हम लोग सम्मान करने का काम करेंगे।

# आरटीआई एक्टिविस्ट का दीपके पर बड़ा हमला

## सूरत के तिवारी ने 3 अलग-अलग सरकारी एजेंसियों से शिकायत की

# पिता की 60 हजार तनख्वाह बेटे की पढ़ाई यूएस में हो रही

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार गुजरात के सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने उनके परिवार की संपत्ति, पार्टी की फंडिंग और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर 3 अलग-अलग सरकारी एजेंसियों से शिकायत की है। तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने की मांग की है। तिवारी का कहना है कि दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम में जूनियर इंजीनियर थे। उनका दावा है कि इस पद पर 60 से 65 हजार मासिक वेतन मिलता है। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी आय में परिवार ने अपने बच्चों को अमेरिका जैसे महंगे देश में पढ़ाई के लिए कैसे भेजा? उनके परिवार की आय और संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### 4 बड़ी बातें

- *अभिजीत दीपके के पिता की आय और संपत्ति की जांच की मांग।*
- *सीजेपी पर बिना पंजीकरण राजनीतिक गतिविधियां चलाने और चंदा जुटाने का आरोप।*
- *कपिल सिब्बल के घोषित 1 करोड़ के फंड की जांच और कर संबंधी पहलुओं की पड़ताल हो*
- *महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और सीबीआईसी को अलग-अलग शिकायतें भेजी गईं।*

### आरएसएस के लिमये ने कहा

### सीजेपी का प्रोटेस्ट देश विरोधी और संविधान के खिलाफ था

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अतुल लिमये ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एबीवीपी के कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए अतुल लिमये ने जंतर-मंतर पर हुए सीजेपी के प्रोटेस्ट को 'एंटी-नेशनल' बताया। लिमये ने कहा कि आंदोलन को अहम केस स्टडी के रूप में देख सकते हैं। उन्होंने इसे 'संविधान के खिलाफ बताया। लिमये ने कहा कि पेपर लीक को लेकर छात्रों की शुरुआती नाराजगी स्वाभाविक थी, लेकिन आंदोलन ने एक अलग ही राजनीतिक दिशा ले ली। इस विरोध के जरिए वामपंथी संगठनों की अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स की रणनीति को परखा गया है

### 5 अगस्त को सीजेपी की अहम बैठक, रणनीति बनेगी

नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में आंदोलन चलाने वाली सीजेपी की कोर कमेटी की अहम बैठक 5 अगस्त को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में होगी। बैठक में संगठन की आगे की रणनीति और भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। इसमें आंदोलन से जुड़े प्रमुख सदस्य हिस्सा लेंगे।

## केंद्रीय मंत्री गोयल ने किया दावा

# प्रधानमंत्री मोदी की बढ़ रही लोकप्रियता से राहुल परेशान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता से परेशान हैं। राहुल खुद को पहले 'युवा नेता' मानते थे, लेकिन अब युवाओं के बीच उनकी वैसी लोकप्रियता नहीं रही है।गोयल ने दावा किया कि भाजपा को युवा मतदाताओं का समर्थन लगातार मिल रहा है। गोयल ने कहा कि युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के विजन का लगातार समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्रीको दुनिया का 'सबसे लोकप्रिय नेता' भी बताया। गोयल ने कहा कि युवाओं के साथ उनका जुड़ाव और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी मौजूदगी देश के विकास को और तेज करने में मदद करेगी। गोयल ने पत्रकारों से कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी की बढ़ती लोकप्रियता और युवाओं के साथ उनके जुड़ाव से परेशान हैं।

## मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी गांव में रहने वाले श्यामू ने गांव के ही रामेश्वर, सतीश और बृजेश के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामू के मुताबिक शनिवार को वह गांव के लोगों के साथ धुइया देवी मंदिर में बैठने के बाद घर लौट रहा था। आरोप है कि तभी रास्ते में घर के बाहर खड़ंजे पर पड़ोसी स्व. हेमराज के बेटे रामेश्वर, सतीश और ब्रजेश के बेटे रामेश्वर ने उसे रोक लिया और जमीन पर पटककर लात-घूंसों से बुरी तरह मारापीटा। इस मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने दोबारा मारने और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद उसने रविवार को इसकी तहरीर पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित श्यामू की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूपी ने 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन कर बनाया कीर्तिमान

## देश के कुल मशरूम उत्पादन में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी यूपी की

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बागवानी क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उत्तर प्रदेश ने मशरूम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने वर्ष 2024-25 में 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के कुल 4.27 लाख मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन में उत्तर प्रदेश की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वैल्यू एडेड फसलों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इसी दिशा में सफल पहल के रूप में मशरूम उत्पादन भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की उपज का संरक्षण, मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें उनकी उपज का अधिकतम लाभ मिल सके। मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग की ओर से एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कम भूमि, कम लागत और मात्र तीन से चार सप्ताह में तैयार होने वाली यह फसल किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। वर्ष 2025-26 में मशरूम उत्पादन, कंपोस्ट मेकिंग एवं स्पान मेकिंग की लगभग 30 इकाइयों को 40 प्रतिशत अनुदान पर स्वीकृत किया गया है। वहीं 200 वर्ग फुट की छप्पर विधि पर आधारित मशरूम इकाइयों के लिए 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये) अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत लगभग 80 इकाइयों की स्थापना की गई है। विभाग द्वारा एक लाभार्थी को अधिकतम पांच इकाइयों तक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। मशरूम उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। यह खेती किसानों के साथ-साथ महिलाओं के लिए भी स्वरोजगार और उद्यमिता का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। लखनऊ, प्रयागराज, सहारनपुर, मीरजापुर, जौनपुर, हरदोई, बस्ती, मेरठ, प्रतापगढ़, रायबरेली, सोनभद्र सहित अनेक जनपदों में मशरूम की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। विभाग किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन से जोड़कर उत्पादन और आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है। उद्यान विभाग की ओर से राष्ट्रीय बागवानी मिशन, उद्यान विकास योजना, एकीकृत बागवानी विकास कार्यक्रम, पॉलीहाउस एवं संरक्षित खेती, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री उत्पादन, नर्सरी विकास, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन तथा कटाई उपरांत प्रबंधन जैसी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से पात्र बागवानों को व्यापक लाभ पहुंचाते हुए उत्तर प्रदेश को बागवानी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## खुदाई के दौरान 11 केवी की भूमिगत विद्युत केबल क्षतिग्रस्त, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों एयरटेल फाइबर के लिए की जा रही खुदाई के दौरान 11 केवी की भूमिगत विद्युत केबल क्षतिग्रस्त होने के मामले में 11 केवी एंड एलटी भटगांव, अमौसी क्षेत्र के अवर अभियंता अमित उपाध्याय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता अमित उपाध्याय के मुताबिक 13 जुलाई 2026 को सुबह करीब 11:38 बजे त्रियाक्षा इंटरप्राइजेज की ओर से एचडीडी मशीन (यूपी-50 एफ-4304) से कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान नवीन सिंह के सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार की निगरानी में मशीन से 11 केवी नीवां पोषक की भूमिगत केबल क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के चलते नीवां, जहानाबाद, बंथरा गांव, आईपीबीपी और चनखरा सहित आसपास क्षेत्रों के करीब 1,878 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति लगभग पांच घंटे तक बाधित रही। अवर अभियंता का कहना है कि केबल अभी पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी है, इसलिए वैकल्पिक स्रोत से बिजली आपूर्ति की जा रही है। उनका कहना है कि इस घटना से करीब 5,35,925 रुपये की आर्थिक क्षति होने के साथ जनआक्रोश के कारण विभागीय छवि धूमिल हुई है। फिलहाल अवर अभियंता की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस और सर्विलांस टीम ने 24 घंटे के भीतर दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का 24 घंटे के भीतर पदार्फाश कर रविवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर के त्रिमूर्ति नगर फेस-1 निवासी राघवेन्द्र प्रताप शाही और यहीं के शिवपुरी हैडिल कॉलोनी निवासी रामप्रताप सिंह ने गौरी बाजार सब्जी मंडी से अपने मोबाइल फोन चोरी होने की शनिवार को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक राजदेव प्रजापति के नेतृत्व में दो पुलिस टीमें गठित की गईं। इस दौरान पुलिस टीमों ने करीब 50 से 60 सीसीटीवी फुटेज और सर्विलेंस की मदद ली। इसके बाद रविवार को थाना क्षेत्र स्थित कैलाश विहार मोड़ के पास से पुलिस ने झारखंड के साहिबगंज निवासी संजय महतो और राजधानी के खतरा में रहने वाले ताजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी का एक आईफोन 11 प्रो, रियलमी, ओप्पो और वीवो कंपनी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे भीड़भाड़ वाले बाजारों में ग्राहक बनकर जाते थे और मौका मिलते ही लोगों के मोबाइल चोरी कर राहगीरों को बेच देते थे। बाद में बिक्री से मिलने वाली रकम आपस में बराबर बांट लेते थे। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार संजय महतो के खिलाफ लखनऊ, बाराबंकी, वाराणसी और रांची सहित विभिन्न स्थानों पर चोरी, गैंग संचालन, आर्म्स एक्ट सहित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को जेल भेज दिया है।

# पत्नी की हत्या के बाद दस लाख के जेवर प्रेमिका को पहनाए, फिर दर्ज करा दी गुमशुदगी

## कार में गला घोंटकर हत्या, साड़ी में पत्थर बांध गोमती में फेंका शव, पति-प्रेमिका गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/रुद्र प्रताप सिंह

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र की बहुचर्चित अंजली हत्याकांड में पुलिस जांच के दौरान एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति उमेंद्र प्रताप सिंह ने मृतका के करीब दस लाख रुपये के जेवर अपनी प्रेमिका आरती वर्मा को सौंप दिए। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने प्रेमिका के कब्जे से मृतका के 32 प्रकार के सोने-चांदी के जेवर बरामद कर लिए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### पहले से तय थी हत्या की पूरी साजिश

मलिहाबाद एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार, 30 जुलाई की रात उमेंद्र प्रताप सिंह अपनी पत्नी अंजली को स्विफ्ट डिजायर कार में बैठाकर निकला। रास्ते में उसने पहले से तय स्थान पर अपनी प्रेमिका आरती वर्मा को बुला रखा था। पुलिस के मुताबिक दोनों ने मिलकर कार के अंदर ही अंजली की हत्या की योजना को अंजाम दिया। पूछताछ में सामने आया कि उमेंद्र ने अंजली का गला दबाया, जबकि प्रेमिका आरती ने उसके दोनों हाथ पकड़ रखे थे, जिससे वह बचाव न कर सके।

### साड़ी में पत्थर बांधकर गोमती में फेंका शव

हत्या के बाद आरोपी शव को कार में लेकर इटौंजा थाना क्षेत्र स्थित गोमती नदी के पुल पर पहुंचे। वहां अंजली की साड़ी में बड़ा पत्थर बांधकर शव नदी में फेंक दिया, ताकि वह गहराई में समा जाए और किसी को न मिले। लेकिन किस्मत ने आरोपियों का साथ नहीं दिया। पुलिस के अनुसार नदी में गिरते समय पत्थर खुल गया, जिससे शव किनारे पर ही रह गया। रात का अंधेरा होने के कारण आरोपी यह देख नहीं सके और मौके से फरार हो गए।



पुलिस गिरफ्त में हत्या में शामिल पति और प्रेमिका

### हत्या के बाद प्रेमिका को सौंप दिए 10 लाख के जेवर

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि हत्या के बाद उमेंद्र ने अंजली के करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने के हार, कंगन, झुमकी, नथ, मंगलसूत्र तथा चांदी के जेवर सहित 32 प्रकार के आभूषण मड़ियांव निवासी प्रेमिका आरती को दे दिए थे। पुलिस ने छापेमारी कर सभी जेवर बरामद कर लिए हैं।

### हत्या के अगले दिन थाने पहुंचकर दर्ज कराई गुमशुदगी

हत्या को छिपाने के लिए आरोपी ने 31 जुलाई को रहीमाबाद थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी घर से सारे जेवर लेकर कहीं चली गई है। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी की कहानी पर संदेह हुआ। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के बाद पूरा हत्याकांड सामने आ गया।

### कार और मोबाइल भी पुलिस ने किए बरामद

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार, दो मोबाइल फोन और मृतका के सभी जेवर बरामद कर लिए हैं। बरामदगी को इस मामले की अहम कड़ी माना जा रहा है।

### अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांच के दायरे में

मृतका के भाई पुष्पेंद्र सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में चाचा उमेश सिंह, सास गायत्री, चालक सुजीत चौरसिया और कपिल को भी नामजद किया गया है। पुलिस इन सभी की भूमिका की जांच कर रही है। पुष्पेंद्र का कहना है कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक उसकी बहन अंजली को न्याय नहीं मिलेगा।

### पति का पहले भी रहा है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी उमेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ वर्ष 2020 में हरदोई के लोनार थाने में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी का मुकदमा दर्ज हो चुका है। पुलिस अब अन्य जिलों में भी उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

### पुलिस का दावा

पुलिस का कहना है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, पूछताछ और बरामदगी के आधार पर हत्याकांड का सफल खुलासा कर दिया गया है। मामले में नामजद अन्य लोगों की भूमिका की भी गहन जांच जारी है और साक्ष्य मिलने पर उनके खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात 45 वर्षीय महिला संदिग्ध हालत में अपने घर में कमरे के अंदर फांसी के सहारे लटकी मिली। जानकारी होते ही परिजन उसे उतार कर ट्रामा सेंटर ले गए। लेकिन वहां पहुंचे ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से उन्नाव जिले के सोहरामऊ निवासी मुकेश आर्य अपनी पत्नी रेनू (45) और बेटे हर्ष के साथ सरोजनी नगर के शांति नगर में रहकर कपड़े धोने व प्रेस करने का काम करते हैं। परिजनों का कहना है कि रेनू पिछले काफी दिनों से परेशान रहती थी। जिसको लेकर उनका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। शनिवार को मुकेश अपने सोहरामऊ स्थित घर गए थे और यहां शांति नगर वाले घर में पत्नी रेनू व बेटा हर्ष थे। लेकिन शनिवार शाम हर्ष भी किसी काम से बाहर चला गया। रात करीब 10 बजे हर्ष वापस लौटा तो घर का दरवाजा खुला मिला। हर्ष अंदर कमरे में पहुंचा तो कमरे के अंदर उसकी मां रेनू पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। यह दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए और उसने आनन-फानन मां को नीचे उतारा। इसके बाद उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सरोजनी नगर पुलिस ने ऐसी किसी घटना की सूचना से इनकार किया है। उधर रेनू द्वारा डिप्रेशन में आकर आत्महत्या करने का अंदाजा लगाया जा रहा है। फिलहाल ट्रामा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कांवड़ियों का जत्था सिद्धनाथ बाबा धाम के लिए रवाना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उन्नाव के शुक्लागंज से जल भरकर मित्र मंडल कांवड़ियों का जत्था रविवार दोपहर को मलिहाबाद पहुंचा। भोलेनाथ के जयघोष, डीजे, गाजे-बाजे और झांकियों के साथ सैकड़ों कांवड़ियों का यह काफिला दोपहर को मलिहाबाद पहुंचा। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया और जलपान कराया। कांवड़िये ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और डीजे की धुनों पर झूमते रहे। ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालु पारंपरिक भगवा वस्त्रों में नजर आए। सजावट के साथ श्रृंगारित कांवड़ें आकर्षण का केंद्र बनीं। मलिहाबाद कस्बे से गुजरते समय जगह-जगह स्थानीय लोगों ने फूल-माला पहनाकर कांवड़ियों का स्वागत किया। स्वामी कश्यप, मेवालाल, भग्गाराम, स्वामी कश्यप, हितेन्द्र सिंह , आशीष कश्यप, अनिल कश्यप,, कौशल, अवधेश , प्रदीप कश्यप ने बताया कि कांवड़िये उन्नाव जनपद के शुक्लागंज से गंगाजल लेकर आए हैं। मलिहाबाद में श्रद्धालुओं ने द्वारा फूल-माला, फल और पानी की व्यवस्था की गई। इसके बाद कांवड़ियों का जत्था माल, भरावन होते हुए हरदोई जनपद के अतरौली लालपुर खाले पहुंचेगा, जहां बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। यह यात्रा हर वर्ष सावन माह के पवित्र महीने में कांवड़ के रूप में निकाली जाती है। इस अवसर पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



यात्रा में शामिल कांवड़ियां – फोटो

## जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने धोखाधड़ी कर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे एक प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अदालत द्वारा गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किया गया था। पुलिस के मुताबिक काकोरी के कुढ़ा ईंटगांव निवासी महिला जयश्री ने जुलाई 2025 में बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पारा के गायत्री नगर, देवपुर निवासी अभिषेक शील श्रीवास्तव ने उसके पति प्रेम शंकर को शराब पिलाकर 4 अप्रैल 2024 को धोखे से खसरा नंबर 658, 659, 660, 662, 663, 664, 665, 666, 667, 668 और 707 की रजिस्ट्री करा ली। यह रजिस्ट्री महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती वंजारवाड़ी निवासी सुनिता नगीना, बिहार के सिवान जिले में हरनाटांडो, हरनाटांढ़ की शिव कुमारी, अंकित कुमार गुप्ता और संतोष कुमार प्रसाद के नाम कराई गयी। बाद में 8 अप्रैल को उक्त जमीन मानक नगर स्थित भरतपुरी निवासी विनोद कुमार को बेच दी गई। इतना ही नहीं आरोपी अभिषेक ने खसरा नंबर 664 की एक अलग फर्जी रजिस्ट्री संजीवन लाल के नाम भी करा दी। पीड़िता ने जानकारी होने पर जब अभिषेक से पूछा तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गयी तो सभी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजनौर प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी, तभी शनिवार देरशाम मुखबिर की सूचना पर आरोपी अभिषेक शील श्रीवास्तव को काकोरी स्थित आशीष डेवलपर्स के कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताते हुए स्वीकार किया कि वह 'आशीष डेवलपर्स' के नाम से जमीन खरीदने-बेचने का कारोबार करता है। उसने प्रेमशंकर की जमीन पर आवासीय प्लॉट विकसित कर कई लोगों के नाम रजिस्ट्री कर हेराफेरी की। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई, पारा, काकोरी और बिजनौर थानों में धोखाधड़ी, जालसाजी व अन्य मामलों के पांच मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## ब्रह्माकुमारीज गुलजार उपवन में युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में ब्रह्माकुमारीज सहित 125 से अधिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक संगठन सहभागी हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से मुक्त कर स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है, जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। गोसाईंगंज इलाके के कबीरपुर गांव से राष्ट्रीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण ब्रह्माकुमारीज गुलजार उपवन, सुल्तानपुर रोड स्थित परिसर में विशाल एलईडी स्क्रीन पर किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के अनेक प्रतिष्ठित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्राचार्यों तथा प्रबंधन प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर राजेश शाही, उप निदेशक, बेसिक शिक्षा विभाग, कैप्टन पांडे, रविन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, टेक्नो इंस्टीट्यूट तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## महिला शिवभक्तों के लिए विशेष प्रबंध, कांवड़ यात्रा में उमड़ी नारी शक्ति

### महिला कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था, संगम से काशी तक सुरक्षित कांवड़ यात्रा

अमन लेखनी समाचार



**प्रयागराज।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रयागराज में संगम और गंगा के प्रमुख घाटों पर महिला कांवड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, महिला सहायता केंद्र और विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं निर्भय होकर कांवड़ यात्रा में शामिल हो रही हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अनुसार, दशाश्वमेध घाट और संगम घाट से सबसे अधिक महिला कांवड़ियां जल लेकर काशी के लिए रवाना होती हैं। इसे देखते हुए घाटों पर महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 44 आपदा सखियां भी महिला श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तैनात हैं।

प्रयागराज से वाराणसी तक विकसित कांवड़ मार्ग पर भी प्रमुख स्थानों पर महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की गई है। मनकामेश्वर, सोमेश्वर महादेव और ब्रह्मेश्वर महादेव सहित शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में भी महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में जलाभिषेक कर सकें। श्रावण मास में शिव आराधना के प्रति महिलाओं की आस्था अब कांवड़ यात्रा में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में महिलाएं समूहों में कांवड़ यात्रा पर निकल रही हैं। भरवारी की रहने वाली ज्योति, जो प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट से गंगाजल लेकर काशी के लिए रवाना हुईं, ने बताया कि अब कांवड़ मार्ग पूरी तरह सुरक्षित महसूस होता है। यही कारण है कि उनके क्षेत्र से इस वर्ष बड़ी संख्या में महिलाएं यात्रा में शामिल हुई हैं। वहीं, सदियापुर की मीरा देवी अपने परिवार के आठ सदस्यों के साथ दशाश्वमेध घाट से जल लेकर बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुईं। उन्होंने बताया कि इस बार उनकी तीन पीढ़ियां एक साथ कांवड़ यात्रा कर रही हैं। उनके अनुसार, कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, विश्राम शिविर और अन्य सुविधाओं के कारण महिलाओं का उत्साह लगातार बढ़ा है। यात्रा के दौरान महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही हैं। महिला श्रद्धालुओं का कहना है कि बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं के कारण अब वे बिना किसी भय के कांवड़ यात्रा कर रही हैं। इससे कांवड़ यात्रा में नारीशक्ति की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना बनी अनाथ और असहाय बच्चों का सहारा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) अनाथ और असहाय बच्चों के जीवन में नई उम्मीद बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित इस योजना के माध्यम से ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है। योजना का उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न होने देना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है।

सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत बच्चों को बचपन से लेकर उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। योजना के माध्यम से वर्तमान में प्रदेश के 1,09,539 से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। नियमित आर्थिक सहायता से बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है, वहीं उनके संरक्षक परिवारों पर आर्थिक बोझ भी कम हुआ है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की विशेषता यह है कि इसकी सहायता 12वीं कक्षा के बाद भी जारी रहती है। योजना के तहत ऐसे छात्र-छात्राएं, जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है और 12वीं के बाद स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, उन्हें 18 से 23 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने अथवा पाठ्यक्रम समाप्त होने तक, जो पहले हो, जारी रहती है। सरकार का मानना है कि आर्थिक सहयोग के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें बेहतर शिक्षा और सम्मानजनक भविष्य का अवसर उपलब्ध कराया जा सकता है।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र घायल

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के धनोखर गांव से रिश्तेदारी से लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। लच्छीखेड़ा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि बेटे का लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सरैया नवीन निवासी विशम्भर (55) पुत्र स्वर्गीय गंगाचरण रविवार को अपने बेटे आशीष के साथ धनोखर गांव रिश्तेदारी गए थे। शाम को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक आशीष चला रहा था। लच्छीखेड़ा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौरावां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान विशम्भर की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल आशीष को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अचानक घटी घटना से पत्नी महदेई बेटे अजीत का रो रो कर बुरा हाल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला को सांप ने काटा इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। अपने नए मकान के पड़ोस में बने पुराने मकान में गई महिला को कमरे के अंदर जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। लखनऊ में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव घर पहुँचते ही लोगो की आँखे नम हो गई। औरास कस्बा मोहल्ला श्याम नगर निवासी वीरेंद्र शर्मा की पत्नी रन्नो (50)वर्ष शनिवार रात लगभग 9 बजे अपने नए घर से पड़ोस में बने पुराने मकान में गई गई थी। जहाँ कमरे में जाते ही जहरीले सर्प ने उसके पैर में काट लिया। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी औरास लेकर पहुँचे। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लखनऊ में पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार दोपहर बाद शव घर पहुँचते ही परिजन व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। मृतका के तीन बेटियां है जिनकी शादी हो चुकी है वही एक पंद्रह वर्षीय बेटा है। जो माँ की मौत पर बिलख बिलख कर रो रहे थे। परिजनों ने मृतका रन्नो का अंतिम संस्कार नानामऊ घाट पर कर दिया।

# राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के तत्वावधान पर भव्य 'मैंगो पार्टी' का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के तत्वावधान में जनपद के मियागंज चौराहे पर स्थित फैसल रहमान सफवी की आढ़त पर एक भव्य ₹मैंगो पार्टी₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे जनपद से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए, जहां आपसी सौहार्द के साथ-साथ पत्रकारों के हितों और उनकी समस्याओं पर भी गंभीर व विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम की शुरूआत कई प्रजातियों के रसदार आमों का लुत्फ उठाने के साथ हुई। एक तरफ जहाँ सभी ने मैंगो पार्टी का आनंद लिया, वहीं दूसरी तरफ मंच के माध्यम से क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारों के समक्ष आने वाली जमीनी चुनौतियों पर खुलकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून लागू करने की पुरजोर मांग उठाई। पत्रकारों को कवरेज के दौरान आने वाली बाधाओं और फर्जी मुकदमों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया।जनपद स्तर पर पत्रकारों के लिए आर्थिक सहायता और स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाओं को सुलभ बनाने पर जोर दिया गया। इस भव्य आयोजन में मियागंज, बांगरमऊ, औरास, सफीपुर और उन्नाव मुख्यालय सहित पूरे जिले के तमाम वरिष्ठ व युवा पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के आयोजनों को आपसी भाईचारा और एकता मजबूत करने का एक बेहतरीन माध्यम बताया। ?कार्यक्रम के अंत में आयोजक फैसल रहमान सफवी और राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुक पत्रकारों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक व संगठनात्मक आयोजन निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फैसल रहमान सफवी, संस्थापक श्रवण कुमार पांडेय, डिप्टी चेयरमैन सतीश बाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष जैगम नकवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी हबीब अल्वी, कुलदीप त्रिपाठी, नगर पंचायत रसूलाबाद के अध्यक्ष नईमुद्दीन अंसारी, बांगरमऊ के पूर्व पालिका अध्यक्ष इजहार खान ₹गुड्डू₹, जमाल अहमद, फजलुर्रहमान, जमीर खान, अर्सलान खान, रानी खान, शब्बीर शाह, मुनारे प्रधान, सहित काफी संख्या में पत्रकार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।।

# चार कबाड़ चोरों को पुलिस ने मॉल समेत दबोचा

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने नगर के लखनऊ रोड रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित एक प्लाट से चार कबाड़ चोरों को दबोच लिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चार-चार मोटर व स्टार्टर बरामद करने के बाद विधिक कार्यवाही कर उन्हें अदालत भेज दिया।

नगर कस्बा चौकी इंचार्ज न्यूटन सिंह को बीते शनिवार की शाम सूचना मिली कि नगर के लखनऊ रोड स्थित याकूब अली सिद्दीकी के प्लाट में चार लोग मोटर लिए खड़े हैं और नगर के किसी कबाड़ी के हाथ बेचने की फिराक में हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने पहुंचकर चारों लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से चार बाडी कटी हुई मोटरें, चार स्टार्टर व एक गियर बॉक्स सहित भारी सामान बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त गुल्जार उर्फ छोटू उर्फ तालिब पुत्र जावेद अली निवासी मोहल्ला तालिब सराएं उन्नाव, इश्तियाक उर्फ कल्लू पुत्र शमशेर निवासी मोहल्ला जामिन सराएं सफीपुर, रफी अहमद पुत्र अली अहमद निवासी मोहल्ला जेर खिड़की उन्नाव व विक्की सोनी पुत्र प्रेमकुमार निवासी मोहल्ला डाक तार कालोनी शुक्ला गंज ने बताया कि वे चारों लोग रात में चोरी करने के बाद विक्की सोनी के जरिए कानपुर के कबाड़ियों के हाथ चोरी का माल बिक्री कर देते हैं। चोरों ने यह भी खुलासा किया कि बरामद सामान नगर पालिका बांगरमऊ की बाउंड्री के अंदर से चोरी किया गया है। पुलिस ने आज रविवार को चारों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय उन्नाव भेज दिया।

# पति-पत्नी के 16 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया तथा परिवार परामर्श केन्द्र व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया।



तदोपरान्त महिला थाना से 05, थाना अजगैन , थाना पुरवा से 03-03 थाना बांगरमऊ, थाना बेहटा मुजावर से 02-02 व थाना गंगाघाट से 01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव (परिवार परामर्श केन्द्र समिति प्रभारी) डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद, पुलिस टीम में रेखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, निरीक्षक संतोष कुमारी कमलेश कुमारी, सेविका प्रियंका, शीलू, उपासना, स्वाती, पूजा, बबली का विशेष योगदान रहा

# सरकारी नौकरी के साथ वकालत खेल अनुदेशक की जांच शुरू, बनी दो सदस्यीय कमेटी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ड्यूटी के दौरान वकालत करने के आरोपों से घिरे एक खेल एवं स्वास्थ्य शिक्षा अनुदेशक के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले की तहकीकात के लिए दो अधिकारियों की कमेटी बनाई है। कमेटी को सभी बिंदुओं पर जांच करके जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है।

यह पूरा मामला विकासखंड बिछिया स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय दुआ में कार्यरत खेल एवं स्वास्थ्य शिक्षा अनुदेशक अमित द्विवेदी से संबंधित है। लखनऊ के रहने वाले शिकायतकर्ता भूपेन्द्र सिंह पुत्र नरेश ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि अमित द्विवेदी उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में रजिस्टर्ड हैं और सरकारी सेवा में रहते हुए उन्नाव की विभिन्न अदालतों में लगातार मुकदमे लड़ रहे हैं।शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी कर्मचारी होते हुए अधिवक्ता की प्रैक्टिस करना सेवा नियमावली और बार काउंसिल के नियमों दोनों का उल्लंघन है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस बारे में पहले भी विभागीय अफसरों को सूचना दी जा चुकी है, पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रार्थना पत्र में सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय का हवाला देते हुए बताया गया है कि सरकारी सेवा में रहते हुए कोई भी कर्मचारी किसी दूसरे व्यवसाय से नहीं जुड़ सकता।मामले की गंभीरता को देखते हुए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जांच के आदेश जारी किए। इसके बाद बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय और खंड शिक्षा अधिकारी हसनगंज को इस टीम में शामिल किया। यह टीम शिकायत में उठाए गए सभी आरोपों की फाइलों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बारीकी से जांच करेगी और अपनी आख्या सौंपेगी।बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच पूरी तरह निष्पक्षता से और तथ्यों के आधार पर की जाएगी। कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद उसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। अगर जांच में आरोप सही साबित होते हैं तो विभागीय नियमों के अनुसार अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अभी विभाग ने जांच पूरी होने तक इस मामले पर कोई अंतिम बयान देने से मना कर दिया है।

# गुमशुदा फोन वापस पाकर मोबाइल धारकों के खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत उन्नाव पुलिस ने CEIR पोर्टल का उपयोग करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सर्विलांस सेल और सभी थानों की संयुक्त टीम ने आज 02.08.2026 को गुमशुदा 121 मोबाइल फोन बरामद किए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए गए।



पुलिस के अनुसार वर्ष 2026 में जून तक 367 मोबाइल बरामद किए जा चुके थे। आज की बरामदगी के साथ इस वर्ष अब तक कुल 488 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1 करोड़ 1 लाख रुपये है। वर्ष 2025 में कुल 525 मोबाइल फोन बरामद किए गए थे, जिनकी कीमत करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये थी। एसएसपी ने बताया कि गुमशुदा मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए सभी थानों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली सदर इलाके में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

जानकारी के मुताबिक करोवन चौराहे के निकट यह हादसा हुआ। मिर्जा फैक्ट्री में काम निपटाकर एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे तीन युवक हादसे का शिकार हुए। मृतकों की पहचान सरोसी सिकंदरपुर के रहने वाले गोकुल दादा (65) पुत्र देवी और दिलीप (22) पुत्र राकेश के रूप में हुई है। हादसे में तीसरा युवक श्रीकिशन गंभीर घायल हुआ है, जिसका उपचार किया जा रहा है। रात में तीनों बाइक से घर वापस आ रहे थे तभी करोवन क्रॉसिंग के पास उनकी




बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना देखकर पुलिस को जानकारी दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया। एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर अवस्था में दिलीप को इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। रविवार सुबह करीब 11 बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शवों की पहचान की। इस घटना से दोनों परिवारों में मातम छा गया। पूरे गांव में शोक की लहर है।

65 वर्षीय गोकुल दादा के घर पत्नी रामदुलारी, पांच बेटियां और दो बेटे हैं। वहीं 22 वर्षीय दिलीप के घर में एक बहन और तीन भाई हैं। अचानक हुए इस हादसे से परिजन बेसुध हैं। गांव के लोग भी पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरूआती तौर पर यह सड़क हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही असल वजह स्पष्ट हो पाएगी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

# भव्य कलश वंदन यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ हुई संपन्न



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर ग्राम पंचायत जगतनगर, मंडल बांगरमऊ ग्रामीण द्वितीय में आयोजित भव्य कलश वंदन यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत कटियार ने यात्रा में सहभागिता कर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके श्रीचरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने लोगों से संत रविदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल सहित पार्टी पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पिता के साथ बाइक पर सवार होकर अस्पताल जा रहे 4 वर्षीय पुत्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नियति ने एक ही दिन में एक परिवार को खुशी और गम के ऐसे दोराहे पर ला खड़ा किया जिसे देखकर हर आंख नम हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया तो घर में खुशियां छा गईं। लेकिन नवजात को देखने अस्पताल जा रहे पिता के साथ बाइक पर सवार चार वर्षीय दूसरे पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। नवजीवन की किलकारी और मासूम की विदाई ने पूरे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरिया बुजुर्ग निवासी निर्मल शुक्ला की पत्नी वंदना ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुत्र को जन्म दिया। नवजात के आने की सूचना मिलते ही परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। खुशी से झूमता निर्मल अपने चार वर्षीय बेटे शाश्वत और चचेरे भाई राधेश्याम के साथ बाइक से अस्पताल के लिए रवाना हुआ। लेकिन कुदरत को तो कुछ और ही मंजूर था। रास्ते मे नगर के संडीला मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाश्वत सड़क पर जा गिरा और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे मे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि निर्मल और राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस घर में कुछ देर पहले नवजात के स्वागत की तैयारियां थीं। वहीं अब चीख-पुकार और मातम पसरा है। सबसे मार्मिक बात यह है कि अस्पताल में भर्ती मां वंदना को अभी तक अपने बड़े बेटे की मौत की सूचना नहीं दी गई है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बाबा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के 71 लाख के विकास प्रोजेक्ट का शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा पर्यटन विभाग द्वारा बाबा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में 'हर हर महादेव' के जयघोष गूंज उठे। तेज बुखार के कारण विधायक अनिल सिंह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, जिसके बाद उनकी पत्नी और माही संस्था की अध्यक्षा कल्पना सिंह ने मोर्चा संभाला और अपनी ओजस्वी वाणी से कार्यकताओं में जबरदस्त जोश भर दिया।

कल्पना सिंह ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार में ही मंदिरों का असल विकास संभव है। उन्होंने खुद को विधायक अनिल सिंह की एक आम प्रशंसक और कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास का जो लक्ष्य रखा गया है, वह निरंतर आगे बढ़ रहा है।

71 लाख के प्रोजेक्ट में मिलेंगी ये सुविधाएं

पर्यटन विभाग की जेई ट्रेनी शिवांगी दीक्षित ने प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुल 71 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर का कायाकल्प किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से शामिल हैं:

यात्री हॉल और वॉशरूम का निर्माण

1.8 किलोमीटर लंबी इंटरलॉकिंग

5 किलोवाट का सोलर पैनल

5 स्ट्रीट लाइट

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 4 बेंच और 2 स्टील डस्टबिन

सैकड़ों कार्यकताओं की रही मौजूदगी

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन भाजपा महामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में दावा किया कि विधायक अनिल सिंह के नेतृत्व में पुनः योगी सरकार बनने जा रही है।

इस ऐतिहासिक मौके पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, प्रखर वर्मा, भाजपा सभासद नरेंद्र कुशवाहा, धीरेन्द्र वर्मा, अमर सिंह, अनीता लोधी, श्री देवी, रामखेलावन नेता, हरिकृष्ण शुक्ल, कमल कुशवाहा, प्रदीप शर्मा ,सरोज, जैनुल, सभासद प्रतिनिधि अंकित साहू, अर्जुन सोनकर और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक 30 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

घटना धारा खेड़ा मजरा मकूर गांव की है। मृतक की पहचान बुद्धि लाल (30) पुत्र स्वर्गीय सावले के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार, शनिवार रात बुद्धि लाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जब परिवार के लोगों की नजर उन पर पड़ी, तब तक उनकी मौत हो चुकी

बुद्धि लाल अपने पीछे पत्नी पूनम और तीन मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का कहना है कि परिवार की आजीविका पूरी तरह बुद्धि लाल पर निर्भर थी। उनके निधन के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।सूचना पर पहुंची अजगैन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# मार्ग दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला हुई घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाईवे पर अचानक स्कूटी पंचर हो जाने के चलते महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राजगीर ने अपनी गाड़ी से ही घायल महिला को परिवार सहित नवाबगंज सीएससी पहुंचा जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल सफर कर दिया गया।सदर कोतवाली क्षेत्र के दरोगाबाग निवासी वकील अहमद रविवार दोपहर स्कूटी से अपनी पत्नी साजिया और बेटी को लेकर काकोरी लखनऊ जा रहा था। इस दौरान दही थाना क्षेत्र मे सोनिक मोड़ के पास उसकी स्कूटी अचानक हाइवे पर पंचर हो गयी। जिससे साजिया सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर से निकल रहे कार सवार ने घायल महिला को परिवार सहित नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल के पति वकील ने बताया कि वह परिवार सहित स्कूटी से बीमार सास को देखने काकोरी लखनऊ जा रहा था ।रास्ते में स्कूटी अचानक पंचर हो जाने से हादसा हों गया।

# रिश्तेदार ने महिला के साथ की अश्लील हरकते दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की महिला के घर आए रिश्तेदार ने उसके कृत्य कार्य किया विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की साथआए हुए साथियों ने भी उसका सहयोग किया महिला ने थाने में तहरीर दी लेकिन संबंधित थाने में एफ आई आर नहीं दर्ज किया महिला ने न्यायालय की शरण ली न्यायालय के आदेश पर मारपीट संगीन धाराओं में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ महिला ने तहरीर में कहा कि मेरी सगी बहन ग्राम पोरई थाना बिहार में विवाह हुआ था जहां पर उसका विवाद चल रहा है मैंने अपने घर बुलाया तब घर में पंचायत के लिए होरीलाल पुत्र सत्यनारायण बीना देवी पत्नी होरीलाल खुशी पुत्री होरीलाल सत्यनारायण प्यारा पत्नी सत्यनारायण संदीप पुत्र बच्चन लाल गिरीश कुमार पुत्र बुलाली मेरे घर आए जहां पर होरीलाल अधिक उग्र हो गए और मुझे दबोच कर घर के अंदर लेकर घुस गए और कपड़े फाड़ कर अनैतिक कार्य किया आए हुए अन्य लोगों ने सहयोग किया शोर मचाने पर गांव के कुछ व्यक्ति आ गए तब यह लोग भाग गए तब से लगातार यह लोग गाली गलौज जान से मार देने की धमकी देते हैं न्यायालय के आदेश पर मारपीट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए पुलिस जांच पड़ताल करने लगी

## सम्पादकीय

# विद्वानों पर टिप्पणी करने से बचें राजनेता

विद्वान और शिक्षाविद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। वे किसी भी दल, धर्म, जाति या दल से ऊपर होते हैं। ऐसे में राजनेताओं को विद्वानों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाल ही में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के नवगठित शिक्षा सुधार समिति के एक सदस्य आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहे जाने पर लोकसभा में हंगामा हो गया। प्रोफेसर कामकोटि गोमूत्र के कथित औषधीय गुणों पर अपनी राय के कारण पहले भी चर्चा में रहे हैं। इस मामले को लेकर 215 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को खुला पत्र लिखकर इसी चिंता को सामने रखा है। पत्र में कहा गया है कि किसी शिक्षाविद् से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, उनके विचारों और शोध पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक मंच पर उनका मजाक उड़ाना उचित नहीं है। प्रो. कामकोटि को पारंपरिक ज्ञान या किसी वैज्ञानिक परिकल्पना पर अपनी राय रखने का अधिकार है। यदि उनके किसी दावे या विचार से असहमति है तो उसके प्रमाणों और वैज्ञानिक आधार को चुनौती दी जानी चाहिए। वैज्ञानिक विमर्श की यही स्वस्थ परंपरा है। प्रो. वी. कामकोटि कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद् हैं तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक हैं। उन्होंने इसी संस्थान से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा और पीएचडी हासिल की। उनके नेतृत्व में उस टीम ने भारत के स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों में भी भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे व्यक्ति की किसी एक राय को आधार बनाकर उसकी पूरी विद्वत्ता को एक उपहासपूर्ण संबोधन में सीमित कर देना निश्चित रूप से स्वस्थ बहस का तरीका नहीं हो सकता। यदि गोमूत्र के औषधीय गुणों को लेकर कोई दावा वैज्ञानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता, तो वैज्ञानिक समुदाय और राजनेताओं को उसके प्रमाण मांगने चाहिए। शोध को शोध से चुनौती दी जानी चाहिए, व्यक्ति का उपहास नहीं करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षा और परीक्षा सुधार जैसे गंभीर विषयों पर बनी समितियों में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। पेपर लीक जैसी समस्या केवल शिक्षा विभाग की समस्या नहीं है। इसमें तकनीक, साइबर सुरक्षा, प्रशासन, खुफिया तंत्र और परीक्षा संचालन से जुड़े विशेषज्ञों की भी भूमिका हो सकती है। राजनीतिक दलों के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और उपहास से बहस का स्तर गिरता है। सत्ता पक्ष के नेताओं पर भी यही कसौटी लागू होनी चाहिए। किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, न्यायविद् या अन्य विद्वान की राजनीतिक विचारधारा से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान बना रहना चाहिए। शिक्षाविदों की आपत्ति को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनका संदेश स्पष्ट है कि विचारों पर कठोर बहस कीजिए, प्रमाण मांगिए, गलत दावों को तथ्यों से खारिज कीजिए, लेकिन विद्वानों का उपहास मत उड़ाइए। भारत को आज ऐसी ही संवाद संस्कृति की जरूरत है, जिसमें राजनीतिक असहमति के बावजूद ज्ञान और विद्वता के प्रति सम्मान बना रहे।



मुद्दा
रोहित कौशिक

# फर्जी शिक्षण संस्थानों पर नकेल जरूरी

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं।

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आते भी रहते हैं। ऐसे संस्थानों के संदिग्ध क्रियाकलापों का खुलासा होने पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर ऐसे संस्थान फिर शुरू हो जाते हैं।

पिछले दिनों राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पीटीआई भर्ती में फर्जी बीपीएड डिग्रियां बांटने वाले उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय पर कार्रवाई भी की गई थी। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक निजी विश्वविद्यालय में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की थी। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में फर्जी डिग्रियां, प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद की थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं। कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं, बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर इन पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल, ऐसे मामलों में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बन्द क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी, लेकिन नब्बे के दशक में




व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने का काम किया गया। सरकार ने खुद खाओ, खुद कमाओ की नीति के तहत शिक्षा का निजीकरण करते हुए गर्व का अनुभव किया। सरकार की इस नीति से अनेक औद्योगिक घराने अपना पारम्परिक व्यापार त्याग कर शिक्षा के क्षेत्र में कूद पड़े। उनके लिए यह उपक्रम सिर्फ एक व्यापार को त्याग कर दूसरे व्यापार को अपनाना भर था। इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। हमारे देश में प्रारम्भ से ही शिक्षा प्रदान करने का प्रायोजन धर्मार्थ माना गया है। इसलिए सरकार की नई नीति के तहत शिक्षा प्रदान करते हुए इन सभी व्यापारियों को धर्म एवं समाज सेवा का आवरण अपने आप मिल गया। धर्म एवं समाजसेवा के आवरण में मुनाफा कमाने का इससे अच्छा साधन और कोई नहीं हो सकता था। इसलिए शिक्षा के निजीकरण ने एक नए किस्म के व्यापार को जन्म दिया, जिसमें मुनाफा तो पूरा था, लेकिन व्यापारी की छवि मुनाफा कमाने वाले की नहीं बल्कि उपकार करने वाले की थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। कई बार जानबूझकर इन विसंगतियों को नजरअन्दाज किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध रहती है। अपना मुंह बन्द रखने और अवैध रूप से मान्यता देने के लिए शिक्षण संस्थाओं द्वारा इन अधिकारियों को मोटी रकम दी जाती है। स्पष्ट है कि शिक्षा जगत में फैले भ्रष्टाचार को बढ़ाने में इस क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विभिन्न समितियों में स्थान प्राप्त प्रोफेसर्स भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दरअसल, निजी शिक्षण संस्थानों के मालिक विभिन्न राजनेता और अन्य प्रभावशाली लोग होते हैं इसलिए इस मामले में जानबूझकर चुप्पी साध ली जाती है। ऐसे मामलों में जितने दोषी विश्वविद्यालयों के संचालक हैं, उतनी ही दोषी सरकार और उससे जुड़े अधिकारी भी हैं।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए, लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

## जयंती विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



# आम आदमी की बोली के रचनाकार थे मुंशी प्रेमचंद

आज उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती है। ग्रामीण जन जीवन के चितेरे लेखक मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी न केवल प्रासंगिक है अपितु हिंदी साहित्य की अमर अजय रचनाएं हैं। प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास विधा में एक नई और जीवंत परंपरा की शुरुआत की। उनकी प्रत्येक रचना सच्चाई के इर्दगिर्द घूमती है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से आम आदमी की समस्याओं और पीड़ाओं को यथार्थ रूप से चित्रित किया। यही कारण है कि वे साहित्य के अमर अजर रचनाकार के रूप में ख्यात हैं। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को बनारस के पास लमही नामक गांव में हुआ था। उनका असली नाम धनपतराय था। प्रेमचंद ने 1901 में उपन्यास लिखना शुरू किया। कहानी 1907 से लिखने लगे। उर्दू में नवाबराय नाम से लिखते थे। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों लिखी गई उनकी कहानी सोजेवतन 1910 में जब्त की गई। उसके बाद अंग्रेजों के उत्पीड़न के कारण वे प्रेमचंद नाम से लिखने लगे। 1923 में उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना की। 1930 में हंस का प्रकाशन शुरु किया। इन्होंने मर्यादा, हंस, जागरण तथा माधुरी जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया। ये आधुनिक कथा साहित्य के जन्मदाता कहलाए। उन्हें कथा सम्राट की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 300 से अधिक कहानियां लिखी हैं। इन कहानियों में आम आदमी



की घुटन, चुभन व कसक को अपनी कहानियों में उन्होंने प्रतिबिम्बित किया। उनकी कहानियों में रूढ़ियों, अंधविश्वासों, अंधपरंपराओं पर कड़ा प्रहार किया गया है वहीं दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं को भी उभारा गया है। ईदगाह, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, नमक का दारोगा, दो बैलों की आत्म कथा जैसी कहानियां कालजयी हैं। तभी तो उन्हें कलम का सिपाही, कथा सम्राट, उपन्यास सम्राट आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। प्रेमचंद के साहित्य में समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि उनका समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। सेवा सदन में वेश्यावृत्ति की समस्या, गबन में नारी के आभूषण प्रेम की समस्या, कर्म भूमि में जमीदारों के अत्याचारों का पूंजीपतियों की हठधर्मिता की समस्या, निर्मला में अनमेल विवाह की समस्या आदि का चित्रण किया गया है। इस प्रकार प्रेमचंद अपने साहित्य में इन समस्याओं को उनके दुष्प्रभावों से परिचित कराते हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। प्रेमचंद का साहित्य ग्रामीण जीवन की संपूर्ण झांकी को प्रस्तुत करता है। गोदान उपन्यास तो ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहलाता है। बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा आदि कहानियां भी ग्रामीण पृष्ठभूमि में लिखी गई हैं। इन रचनाओं में उन्होंने ग्रामीणों के प्रति एक नवीन व स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाकर उनकी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठाया है। मुंशी प्रेमचंद एक महान कथाकार के साथ-साथ एक अच्छे समाज सुधारक भी रहे हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम सामाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया है। मुंशी प्रेमचंद देश के ऐसे पहले रचनाकार थे जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलस्मी और ऐयारी से बाहर निकाल कर जमीनी हकीकत से परिचय कराया। उन्होंने अपनी रचनाओं में आम लोगों विशेषकर मेहनतकश वर्ग की भावनाओं और सच्चाइयों को वर्णित किया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश की वास्तविक और जमीनी समस्याओं से देशवासियों को अवगत कराया। प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। वह आम भारतीय के रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में ऐसे नायक हुए, जिसे भारतीय समाज अछूत और घृणित समझता था। उन्होंने सरल, सहज और जनसाधारण की बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों को दृढ़ता से समाज के सामने प्रस्तुत किया। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के युग प्रवर्तक माने गए। उनकी रचनाओं में समाज का पूरा 'परिवेश' उसकी 'कुरूपता' और 'असमानता', 'छुआछूत', 'शोषण' की विभीषिका कमजोर वर्ग और स्त्रियों का दमन आदि वास्तविकता प्रकट हुई है। उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन अत्यंत निकट से देखा था

## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### क्या इस्तीफे लेने-देने से भ्रष्टाचार रुक जाएगा?

पेपर लीक के मामलों और अन्य गड़बड़ घोटालों के लिए शत-प्रतिशत भ्रष्टाचार जिम्मेदार है और हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। जब तक भ्रष्टाचार की जड़ों को काटने के लिए काम नहीं किया जाएगा, तब तक देश में कोई भी गलत काम नहीं रुकेगा। सरकारों में चेहरे बदलने से भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा, बल्कि सरकारों को धरातल पर काम करना होगा। अफसरों और अन्य सभी भ्रष्ट लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके लिए सरकारें ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं।

- नेहा, रोहतक

## X ट्रेंड f

### विपक्ष की भूमिका



संसद में विपक्ष की भूमिका पूरी तरह से नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रही है। सत्र शुरू होने के बाद से ही उनका एकमात्र मकसद सदन की कार्यवाही मे बाधा डालना रहा है। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।
- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### टेलीकॉम सेक्टर



टेलीकॉम सेक्टर को लेकर भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच होने वाला एमओयू ग्वालियर के लिए एक बड़ी सौगात है... इस समझौते के जरिए देश की कई टेलीकॉम कंपनियाँ मध्य प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।
- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### युवा आंदोलन



युवा आंदोलन से बड़े मीडिया घरानों के लिए भी एक अहम सबक मिलता है: मुख्यधारा की मीडिया को 'मेन स्ट्रीट मीडिया' बनना होगा। आज संकट सिर्फ 'राष्ट्रीय सरकार' के लिए ही नहीं, बल्कि तथाकथित 'राष्ट्रीय मीडिया' के लिए भी उतना ही बड़ा है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### फास्ट-ट्रैक कोर्ट



आज सरकार फास्ट-ट्रैक कोर्ट की बात तो करती है, लेकिन 2024 के नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को क्लीन चिट दे दी गई है। हालात ऐसे है कि पिछले 10 सालों में 152 बार पेपर लीक हुए हैं।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले रिश्वत लेते पकड़ाया अभियंता

पुलिस ने बृहस्पतिवार को ग्वालियर नगर निगम के एक कार्यकारी अभियंता (ईई) को लंबित बिलों के भुगतान के लिए एक ठेकेदार से कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि आरोपी सुशील कटारे (62) 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उन्होंने बताया कि ठेकेदार सचिन पचौरी ने दो दिन पहले भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी से संपर्क किया था और आरोप लगाया था कि कटारे ने पचौरी द्वारा किए गए



## ऑफ बीट

### प्रतिदिन मांस खाने से बढ़ता है कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि



हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है।

## संक्षेप

### एसपी ने पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़

**शारीरिक और मानसिक तौर पर चुस्त रहने को कहा, मॉक ड्रिल भी कराई**

अमेठी ,शुक्रवार को एसपी सरवणन टी. ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।उन्होंने परेड की सलामी ली और पुलिसकर्मियों की फिटनेस जांचने के लिए उनसे दौड़ लगवाई। इस दौरान उन्होंने अनुशासन और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय के साथ-साथ कई थानों और शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।शारीरिक और मानसिक चुस्ती सुनिश्चित करने के लिए सभी पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई। अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी कराई गई।परेड के बाद एसपी ने सभी को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और समय पर उपस्थित रहने की हिदायत दी।एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत मुआयना किया। उन्होंने बैरक, शस्त्रागार, मेस, कैश कार्यालय और परिवहन शाखा सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया।उन्होंने 112-पीआरवी वाहनों और थानों की गाड़ियों में रखे भीड़ नियंत्रण तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों की भी जांच की। एसपी ने इन उपकरणों को दुरुस्त हालत में रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपयोग के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए।एसपी ने लाइन में रखे विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों का भी अवलोकन किया और उन्हें अद्यतन रखने को कहा।उन्होंने जोर देकर कहा कि ड्यूटी के दौरान संवेदनशीलता, सतर्कता और जनता के साथ बेहतर व्यवहार पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।


### खाद संकट से किसानों का फूटा गुस्सा

**सहकारी समितियां खाली, निजी दुकानों पर महंगी यूरिया**

अमेठी ,खरीफ सीजन में फसल को खाद की जरूरत के बीच अमेठी के भेंटुआ विकासखंड क्षेत्र में यूरिया संकट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।सहकारी समितियों पर खाद नहीं मिलने और निजी दुकानों पर महंगे दामों में यूरिया बिकने के आरोपों के बाद किसानों में आक्रोश फैल गया है।किसानों का कहना है कि मजबूरी का फायदा उठाकर निजी विक्रेता मनमानी कर रहे हैं, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है।किसानों का आरोप-दोगुनी कीमत पर मिल रही यूरिया क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि सहकारी समितियों पर यूरिया उपलब्ध नहीं है, लेकिन निजी दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में खाद मौजूद है। किसानों के मुताबिक निजी दुकानदार यूरिया के लिए निर्धारित कीमत से काफी अधिक पैसा वसूल रहे हैं। कि यूरिया लेने के लिए जिंक और सल्फर जैसे अन्य उत्पाद भी जबरन खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। किसान संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति (युवा इकाई) के युवा उपजिलाध्यक्ष स्वराज तिवारी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी खुलेआम हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# नीलगाय से टकराई मिंगा विधायक की कार , बाल-बाल बचीं इंद्राणी वर्मा

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। मिंगा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा रविवार को लखनऊ जा रही थीं। इसी दौरान एपीएक्स इंटरनेशनल स्कूल के समीप अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। चालक ने वाहन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेजी से सामने आ जाने के कारण कार नीलगाय से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गईहादसे के समय कार में विधायक सहित अन्य लोग भी सवार थे।गनीमत रही कि सभी को केवल हल्की-फुल्की चोटें आईं और किसी को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समय रहते वाहन की गति नियंत्रित होने से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी लोग सुरक्षित बच निकले।घटना की सूचना मिलते ही एपीएक्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक मशकूर हबीब तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बिना देर किए दूसरी कार की व्यवस्था कराई और विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा को सुरक्षित लखनऊ के लिए रवाना कराया। स्थानीय लोगों ने उनके इस त्वरित सहयोग की सराहना की।दुर्घटना में घायल नीलगाय का एक पैर टूट गया, जिसके कारण वह घटनास्थल पर ही बैठ गई। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया, ताकि घायल नीलगाय का उपचार कर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।इस दुर्घटना ने एक बार फिर हाईवे और प्रमुख मार्गों पर वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर नीलगाय और अन्य वन्यजीव अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक, सुरक्षा इंतजाम और वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही के लिए प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की है।

# जालिम नगर चौकी इंचार्ज बेचू प्रसाद गोंड की हो रही सराहना

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच।सड़क दुर्घटना में बिखरे हुए पैसों को ईमानदारी से वापस कर मोतीपुर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है जिसकी लोग जमकर सरहाना कर रहे हैं।मोतीपुर पुलिस ने ईमानदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना के दौरान बिखरी करीब 2.50 लाख रुपये की नकदी उसके वास्तविक मालिक को सकुशल वापस कर दी।पुलिस के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है।थाना मोतीपुर क्षेत्र के उर्रा बाजार निवासी संदीप कुमार (32) पुत्र अर्जुन लाल रविवार को नानपारा मंडी में कृषि उपज (केला) बेचकर तथा पूर्व की बकाया धनराशि सहित कुल 2.50 लाख रुपये लेकर पिकअप से वापस लौट रहे थे।रास्ते में चौकी जालिमनगर क्षेत्र के खैरापुरवा के पास बहराइच-लखीमपुर मुख्य मार्ग पर उनकी पिकअप की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।इसी दौरान संदीप कुमार के साथ मौजूद उनके नाना छत्रपाल मौर्य पुत्र सूरत प्रसाद, निवासी गुलरीपुरवा, थाना निघासन, जनपद लखीमपुर खीरी के पास रखी 2.50 लाख रुपये की नकदी घटनास्थल के आसपास गिर गई सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जालिमनगर बेचू प्रसाद गोंड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।उन्होंने सबसे पहले घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोतीपुर भेजवाया और यातायात व्यवस्था सुचारु कराई।इसी दौरान पुलिस को घटनास्थल से नकदी बरामद हुई। आवश्यक सत्यापन के बाद पूरी धनराशि उसके वास्तविक स्वामी को सकुशल सुपुर्द कर दी गई।पुलिस की इस ईमानदार कार्यशैली से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली और मोतीपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया।क्षेत्रीय लोगों ने भी पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।इस दौरान चौकी प्रभारी बेचू प्रसाद गोंड़, मुख्य आरक्षी रजनीश कुमार, विजय यादव, श्यामसुंदर, राजेश गिरी, आरक्षी विकास गोंड़, अभिषेक कुमार मौर्य, आलोक सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# समाज सेवी शिवेंद्र ठाकुर की अनोखी पहल, रात्रि प्रवास कर लोगों से कर रहे संवाद

### मटेरा विधानसभा में बना चर्चा का विषय

अमन लेखनी समाचार



रिसिया, बहराइच। मटेरा विधानसभा के ग्राम धोबिनपुरवा में समाज सेवी शिवेंद्र ठाकुर द्वारा जनसंवाद की अनोखी पहल की शुरूआत की है। जिसकी सरहाना मटेरा वासियो द्वारा की जा रही है। शिवेंद्र ठाकुर जी के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा समाज को जोड़ने की पहल विगत और वर्तमान में जारी रहेगी लोगो में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर कर के हिंदूओ को एक जुट कर के समाज में एकात्म का भाव जगाना है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के 100 से 150 लोगों इकट्ठा होकर डॉक्टर साहब का स्वागत किया।इसके बाद लोगों ने सामाजिक चर्चा की उसके बाद लोगों ने सामूहिक भोजन किया कार्यक्रम लगभग 4 घंटे तक चला इस दौरान ग्राम सभा के प्रतिष्ठित लोग और बड़ी संख्या महिलाएं उपस्थित रही। सामाजिक समरसता का संदेश देने की एक अच्छी पहल है।

# पुलिस ने पुष्प वर्षा कर किया कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत, श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। श्रावण मास के पावन अवसर पर निकाली जा रही कांवड़ यात्राओं के क्रम में रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम चक पिहानी से निकली कांवड़ यात्रा जब कैसरगंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंची, तो पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं का जोश, भक्ति और उत्साह देखते ही बन रहा था।हनुमान मंदिर में भगवान शिव एवं बजरंगबली के दर्शन-पूजन के उपरांत कांवड़ यात्रा जब कोतवाली कैसरगंज के सामने पहुंची, तो पुलिस प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय तथा कोतवाली के दर्जनों पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया।पुलिस अधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव ने कांवड़ यात्रियों से यात्रा के दौरान अनुशासन, आपसी भाईचारा एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है।यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा प्रत्येक गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुष्प वर्षा के बाद कांवड़ यात्रियों का जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जरवल रोड की जानिब स्थित बासानी के लिए रवाना हुआ। पूरे मार्ग पर पुलिस बल लगातार सुरक्षा व्यवस्था संभाले रहा और यातायात को भी सुचारु बनाए रखा गया। श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए स्वागत और सुरक्षा प्रबंधों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का सम्मान कांवड़ यात्रियों का उत्साह और आस्था दोनों को और मजबूत करता है।यात्रा पूरे समय शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं धार्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न होती रही।

# नाली बंद होने से 70 घरों में घुसा पानी

**जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी,एक नाली बंद होने से पूरा गांव परेशान है।ककवा गांव में पुश्तैनी नाली पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण के चलते करीब 70 घरों के सामने जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है।बरसाती पानी की निकासी बंद होने से गलियां तालाब में तब्दील हो गई हैं।परेशान ग्रामीणों नेएसडीएम अमेठी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

### नाली बंद होने से घरों और गलियों में जमा हुआ पानी

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की पुरानी नाली वर्षों से पानी निकासी का मुख्य माध्यम थी। आरोप है कि कुछ लोगों ने इस नाली पर कब्जा कर निर्माण करा दिया, जिससे पानी का रास्ता बंद हो गया। बारिश के बाद पानी की निकासी नहीं होने से आसपास के घरों और गलियों में जलभराव हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी

जलभराव के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

# होटल में नाबालिग बच्ची मिली

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही,लोगों से अफवाहों से बचने की अपील**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,थाना क्वार्सी क्षेत्र की पटवारी नगला चौकी अंतर्गत मंजूरगढ़ी इलाके में देर रात एक होटल से नाबालिग बच्ची मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### सूचना पर पहुंची पुलिस

पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों ने होटल में एक नाबालिग बच्ची के होने की सूचना दी थी।इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। फिलहाल पुलिस बच्ची की पहचान, उसके परिजनों का पता लगाने और वह होटल तक कैसे पहुंची, इसकी जांच कर रही है।

### सीसीटीवी फुटेज की हो रही जांच

मामले की सच्चाई जानने के लिए पुलिस होटल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही होटल के संचालन और वहां मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि होटल तक पहुंचने का रास्ता एक कथित अस्पताल परिसर से होकर जाता है और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### अफवाहों से बचने की अपील

पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मामले से जुड़ी कोई भी अपुष्ट जानकारी या अफवाह सोशल मीडिया पर साझा न करें। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बच्ची सुरक्षित है और मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

# सीएचसी के कूड़ेदान में सरकारी दवाएं मिलने की जांच शुरू

**प्रभारी पर डराने-धमकाने का आरोप, सीएमओ से कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रतापपुर कमैचा में कूड़ेदान से सरकारी दवाएं मिलने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. पीडी तिवारी और एडिशनल सीएमओ डॉ. जेसी सरोज सीएचसी पहुंचे।दोनों अधिकारियों ने करीब तीन घंटे तक अस्पताल में जांच की। जांच के दौरान अधिकारियों ने दवा भंडारण कक्ष, स्टॉक रजिस्टर और अन्य अभिलेखों का मिलान किया। अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई।हालांकि जांच पूरी होने के बाद अधिकारियों ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की और न ही कोई आधिकारिक बयान जारी किय दवाएं कूड़ेदान तक कैसे पहुंचीं, अभी नहीं हुआ खुलासा अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि सरकारी दवाएं कूड़ेदान तक कैसे पहुंचीं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। स्वास्थ्य विभाग ने अभी जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किए हैं और न ही किसी के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी है।इससे मामले को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है।

### कूड़ेदान जलाने का आरोप, साक्ष्य नष्ट होने की आशंका

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस कूड़ेदान में सरकारी दवाएं मिली थीं, उसे बाद में जला दिया गया।यदि यह आरोप सही है तो महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट होने की आशंका है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

सूत्रों के अनुसार, जांच में अधीक्षक समेत डॉक्टरों को बचाने और छोटे कर्मचारियों पर जिम्मेदारी डालने की तैयारी की जा रही है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद हंगामा

**परिजनों ने दो बार लगाया जाम; आरोपी की गिरफ्तारी की मांग, पुलिस से नोंकझोक**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,जेठवारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव सड़क पर रखकर दो बार राजमार्ग जाम किया और फरार कार चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद दोनों बार जाम समाप्त कराया गया।हादसा कानुपुर चौराहे पर हुआ था।पुलिस के मुताबिक, तेज रफ्तार एक अज्ञात ब्रेजा कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी।हादसे में सड़क किनारे खड़ी एक महिला भी कार की चपेट में आकर घायल हो गई।दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल महिला का उपचार कराया गया।शव रखकर दो बार लगाया जाम शुक्रवार दोपहर परिजनों और ग्रामीणों ने जेठवारा-बाघराय राजमार्ग पर शव, लकड़ियां और पाइप रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर सीओ सदर मनोज रघुवंशी और जेठवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन पर पहला जाम खुल गया।कुछ देर बाद परिजन और ग्रामीण फिर सड़क पर उतर आए और दोबारा जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को शांत कराया और दूसरा जाम भी समाप्त कराया। फरार चालक की तलाश में जुटी पुलिसपुलिस का कहना है कि दुर्घटना करने वाली ब्रेजा कार और उसके चालक की तलाश की जा रही है।घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर जांच जारी है।

# एबीवीपी कार्यकताओं का प्रदर्शन

**निजी स्कूलों की अवैध वसूली समेत 17 सूत्री मांगों पर डीएम को सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने दोपहर करीब एक बजे जिलाधिकारी को 17 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।परिषद ने निजी विद्यालयों की कथित मनमानी, अवैध शुल्क वसूली और गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालन पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।इस दौरान कार्यकताओं ने छात्र-हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द प्रभावी कदम उठाने की अपील की। ज्ञापन में एबीवीपी ने आरोप लगाया कि जिले के कई निजी विद्यालय विद्यार्थियों और अभिभावकों से विभिन्न मदों के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूल रहे हैं।परिषद का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म और पुस्तकों की खरीद में कथित कमीशनखोरी की जा रही है, जबकि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों से दोबारा प्रवेश (री-एडमिशन) के नाम पर भी शुल्क लिया जा रहा है।परिषद ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिषद ने जिलाधिकारी से जिले में संचालित गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की भी मांग की। कार्यकताओं का कहना है कि ऐसे विद्यालय छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, इसलिए इन पर प्रभावी रोक लगाई जानी चाहिए। साथ ही निजी विद्यालयों की मनमानी पर अंकुश लगाकर शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और छात्रहितैषी बनाने की आवश्यकता बताई गई।एबीवीपी ने कहा कि उसकी 17 सूत्री मांगें सीधे तौर पर विद्यार्थियों और अभिभावकों के हितों से जुड़ी हैं।

## संक्षेप

### 25 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बागपत में 7 साल से फरार था, नाबालिग को बहलाकर अपने साथ ले गया था**

बागपत, शहर कोतवाली पुलिस ने सात सालों से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार शाम निवाड़ा चौकी के पास चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। नाबालिग को बहलाकर ले गया था मामला करीब सात वर्ष पुराना है। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोप है कि नाबालिग घर से करीब 2.5 लाख रुपये के आभूषण भी साथ ले गई थी। काफी तलाश के बाद भी लड़की का पता नहीं चलने पर उसके पिता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तारी पर था 25 हजार रुपये का इनाम मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी, लेकिन वह सात वर्षों तक फरार रहा। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक बागपत ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी पुलिस को मुखबिर से आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके आधार पर चलाए गए अभियान में पुलिस ने कुमारपाल पुत्र भंवर सिंह, निवासी हरियाणा, को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज चाहल ने बताया कि सात वर्षों से फरार चल रहे इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कर्ज माफी, मुफ्त बिजली सहित 14 मांगों पर कार्रवाई की मांग**

बागपत , किसान अधिकार आंदोलन ने किसानों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ग्रामीण भारत के किसानों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक परेशानियों को कम करने के लिए सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन में किसानों की कुल 14 प्रमुख मांगें शामिल हैं। इनमें किसानों की पूर्ण कर्ज माफी, ग्रामीण घरेलू बिजली के बकाया बिल माफ कर पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना प्रमुख है। संगठन ने गन्ना ढुलाई भाड़ा और पुरानी कटौती समाप्त करने की भी मांग की है। इसके साथ ही गन्ने का भुगतान पेराई सत्र शुरू होने से पहले 30 सितंबर तक सुनिश्चित करने और बकाया भुगतान ब्याज सहित दिलाने की मांग भी उठाई गई है। गन्ने से संबंधित अन्य मांगों में अग्रिम और रिजेक्ट किस्मों के पुराने भाव बरकरार रखना, समय पर गन्ना आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करना और गन्ना संरक्षण बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, आवारा गोवंशों को तत्काल पकड़ने और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन में यमुना परियोजना और नहरों की शाखाओं के निर्माण कार्यों की जांच कराने की मांग भी उठाई गई है। इसमें निर्माण में अनियमितताओं की जांच, शाखाओं की चौड़ाई और गहराई मानकों के अनुरूप होने की पुष्टि, सभी शाखाओं का लेवलिंग कराने और नहर की पटरियों पर मजबूत खड़ंजा निर्माण कराने की मांग शामिल है।

# 'आरएसएस चाहती है देश की जनता अनपढ़ और गरीब रहे' :राजेंद्र पाल गौतम

**प्रयागराज में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी बोले- सरकार ने सभी संसाधन पूंजीपतियों को सौंपे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि आरएसएस के बंच ऑफ थॉट्स का एजेंडा यह है कि देश की जनता और विशेषकर वंचित वर्ग को अनपढ़ और गरीब बनाए रखा जाए। देश के सारे संसाधन चंद पूंजीपतियों को सौंप दिए जाएं तो वे कभी सत्ता से सवाल नहीं करेंगे। किसी विचारधारा मोदी सरकार चल रही है। आज देश की जनता और छात्र इसी दमनकारी तंत्र के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। जब देश की जनता ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजादी का आंदोलन लड़ रही थी और लाखों लोग जेलों में यातनाएं सह रही थी, तब संघ और हिंदू महासभा जैसे वैचारिक संगठन किसके साथ खड़े थे, यह इतिहास किसी से छिपा नहीं है दरअसल, 8 अगस्त को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 'छात्र संवाद' कार्यक्रम है। इसकी तैयारियों को लेकर रविवार को फायर ब्रिगेड चौराहे के पास स्थित शंकर मेमोरियल हॉल में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे।

#### सरकारी संस्थानों को सरकार बेच रही

राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास त्याग, बलिदान और देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले लोगों का रहा है। आजादी के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के दूरदर्शी विजन के तहत देश में मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और मुफ्त व सुलभ शिक्षा की नींव रखी गई थी।

# हाईवे की एक लेन कांवड़ियों के लिए रिजर्व

**झूंसी पुल से वाराणसी तक बैरिकेडिंग; ड्रोन से निगरानी, रूट डायवर्जन**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण (सावन) माह की शुरूआत हो गई है। प्रयागराज में मंदिरों, शिवालयों में भीड़ उमड़ रही है। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रयागराज में रूट डायवर्जन लागू हो गया है। पहले सोमवार से पहले शनिवार रात से प्रयागराज से वाराणसी तक एक लेन कावंड़ियों के लिए रिजर्व कर दी गई है ।सावन माह की कांवड़ यात्रा के लिए अब 29 अगस्त तक विशेष ट्रैफिक व्यवस्था और रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर एक लेन पूरी तरह कांवड़ियों के लिए आरक्षित रहेगी और दूसरी लेन से सामान्य वाहन चलेंगे। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शास्त्री पुल (झूंसी पुल) पर भारी वाहनों और रोडवेज बसों की एंट्री रोक दी गई। बड़े वाहनों को बाईपास से निकाला जाएगा।

#### ट्रैफिक प्लान - डायवर्जन

प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर झूंसी से हनुमानगंज, हंडिया और बरौत तक बैरिकेडिंग की गई है। हाईवे की एक लेन पैदल यात्री और कावंड़ यात्रा के लिए सुरक्षित है, जबकि दूसरी लेन से सीमित और नियंत्रित ट्रैफिक चलेगा। बड़े वाहन पुल से नहीं गुजरेंगे शास्त्री पुल पर रोडवेज बसों और भारी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह रोक दिया गया। रोडवेज बसों के लिए बाईपास दिया गया है। अब वाराणसी और जौनपुर की तरफ से आने वाली बसें हंडिया-सहसों- फाफामऊ के रास्ते प्रयागराज में प्रवेश करेंगी। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रकार के भारी और कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर रोक है। ऐसे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। चौराहों और तिराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# 45 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से फैली सनसनी



अमन लेखनी समाचार

बिन्दकी, फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 45 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव की पहचान नंदापुर गांव निवासी सुरेंद्र कुशवाहा पुत्र जयकरन कुशवाहा के रूप में हुई है ।जानकारी के अनुसार युवक का शव बिन्दकी-खजुहा मुगल रोड पर बावन इमली शहीद स्मारक के समीप रामपाल विटना देवी महाविद्यालय के पास पड़ा मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई परिजनों को जानकारी मिली तो वे भी मौके पर पहुंचे। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा ।घटना की सूचना बिन्दकी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है ।युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या वजह रही, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं।

# सिर में ब्लड क्लॉट या बुलेट, सर्जरी से चलेगा पता

**आज हो सकती है सर्जरी, अनुष्का के सिर में है सूजन, इशारे से की बात**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कंकरखेड़ा के चर्चित शूटआउट मामले में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही अनुष्का की आज सिर की सर्जरी हो सकती है। चिकित्सकों को सीटी स्कैन में सिर के पिछले हिस्से में क्लॉट जैसा कुछ दिखा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह खून का थक्का है या गोली फंसी हुई है। डॉक्टरों की टीम ऑपरेशन के दौरान इसकी स्थिति स्पष्ट करेगी। राहत की बात यह है कि अनुष्का को होश आ गया है और उसने चिकित्सकों के कुछ सवालों के जवाब इशारों में दिए हैं। हालांकि संक्रमण और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को देखते हुए परिजन को उससे मिलने की अनुमति नहीं दी गई है। शाम हुए इस सनसनीखेज घटनाक्रम में कंकरखेड़ा के शिवलोकपुरी निवासी आदित्य प्रधान ने न्यू गोविंदपुरी निवासी अनुष्का को पहले तीन गोलियां मारीं और उसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पेट में लगी दो गोलियां चिकित्सकों ने रात में ही ऑपरेशन कर निकाल दी थीं, जबकि सिर में लगी गोली को लेकर हालत सीरियस होने के कारण तत्काल सर्जरी नहीं की गई थी। इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर दर्दनाक अंत पुलिस जांच के अनुसार, आदित्य और अनुष्का की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और फिर मुलाकातों का सिलसिला भी चलने लगा। शाम करीब साढ़े चार बजे अनुष्का ट्यूशन से घर लौट रही थी। इसी दौरान आदित्य ने बाइक से उसका पीछा किया और रास्ते में रोककर बात करने की कोशिश की। दरअसल, आदित्य पिछले महीने से जेल से आया था। जेल में जाने के बाद से अनुष्का उससे दूरी बना चुकी थी। बातचीत के बहाने बुलाकर शूट किया शुरूआत में अनुष्का ने बात करने से मना कर दिया, लेकिन आदित्य के रिक्वेस्ट करने पर वह मान गई। दोनों डिफेंस एन्क्लेव स्थित जोनल पार्क के पास पहुंचे, जहां आर्यन नाम के युवक को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते आदित्य ने कंट्रीमेड पिस्टल निकालकर अनुष्का पर एक के बाद एक तीन गोलियां दाग दीं। एक गोली उसके सिर में और दो गोलियां पेट में लगीं। वारदात के तुरंत बाद आदित्य ने खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अनुष्का का रात में हुआ पहला ऑपरेशन कंकरखेड़ा पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अनुष्का को पहले एक निजी अस्पताल पहुंचाया।

# किसान मजदूर मोर्चा ने उठाई किसानों की आवाज, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील परिसर में शनिवार को किसान मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह पटेल के निर्देश पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्र हुए। तहसील सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम फतेहपुर को सौंपकर किसानों और मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई ।ज्ञापन में किसान मजदूर आयोग के गठन को प्रमुख मांग बनाया गया। इसके साथ ही गांवों में पशुपालन करने वाली महिलाओं को किसानों की तर्ज पर किसान सम्मान निधि देने, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि करने की मांग उठाई गई ।किसानों की समस्याओं को लेकर खाद और बीज के दाम कम करने पर भी जोर दिया गया। किसान मजदूर मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में खेती के लिए खाद की अत्यधिक आवश्यकता है ।ऐसे में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे समय से अपनी खेती सुचारू रूप से कर सकें ।इस दौरान किसान मजदूर मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका पाल, प्रदेश सचिव महावीर गौतम सहित गणेश सिंह, रामलाल पासवान, राजू विश्वकर्मा, नीरज पटेल, राकेश कुमार, शिवराम पटेल, रामराज, इंद्रपाल, ननकी और नम्रता देवी समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कब्जा लेने गए बिल्डर को जमकर पीटा, 11 थप्पड़ जड़े

**गाजियाबाद में सीने पर लात मारकर पसली तोड़ी; सिर में लगे 12 टांके**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,दिल्ली के 58 साल के बिल्डर को गाजियाबाद में अफसरों के सामने जमकर पीटा गया। उन्हें एक मिनट के अंदर 11 थप्पड़ मारे गए। सड़क पर गिराकर लातें बरसाई गईं। इससे बिल्डर की 2 पसली टूट गईं और सिर में 12 टांके आए हैं। गंभीर हालत में उनको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिल्डर ने प्लॉट पर कब्जा लेने के लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री के यहां शिकायत की थी। इसके बाद एसीपी और तहसील ऑफिस की टीम ने बिल्डर को प्लॉट पर बुलाया था। यहां कब्जेदार ने बिल्डर को अफसरों के सामने पीटा। घटना गुरुवार की नंदग्राम की है, लेकिन वीडियो दोपहर तीन बजे सामने आया।

#### 2014 में बिल्डर ने प्लॉट खरीदा था

दिल्ली के मयूर विहार क्षेत्र के शशि गार्डन के रहने वाले अनिल शर्मा बिल्डर और इंजीनियर हैं। वह प्लॉट खरीदने-बेचने के अलावा मकान बनाकर भी बेचते हैं। अनिल ने बताया- 2014 में मैंने गढ़ी गुलधर में रहने वाले कृष्णपाल उर्फ ढोला से 200 गज (करीब 1800 वर्गफीट) का प्लॉट खरीदा था। यह प्लॉट उस समय 17 लाख रुपए में खरीदा था। अपनी पत्नी संतोष के नाम बैनामा कराया था। मैं पिछले 12 साल से प्लॉट पर कब्जा लेने के लिए अफसरों से मिल रहा हूं, लेकिन मेरी सुनवाई नहीं हुई। आज इस प्लॉट की कीमत 70 लाख के आसपास है। जब भी प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचता हूं, तो कृष्णपाल और उनके बेटे मुझे धमकी देते हैं। गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में भर्ती बिल्डर अनिल शर्मा गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में भर्ती बिल्डर अनिल शर्मा। 7 जुलाई को मुख्यमंत्री के यहां शिकायत की बिल्डर अनिल शर्मा ने बताया- 7 जुलाई को मैंने लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के यहां शिकायत की। 2 दिन पहले गाजियाबाद एसीपी नंदग्राम और तहसील से मेरे पास कॉल आई कि आप लखनऊ गए थे? क्या मामला है? इसके बाद मैंने उन्हें पूरा घटनाक्रम बताया। इस पर अधिकारियों ने मुझे सभी कागजों के साथ 30 जुलाई की सुबह 10 बजे नंदग्राम प्लॉट के पास बुलाया। मैं वहां पहुंचा, जहां तहसील के एक लेखपाल भी थे। वहां कृष्णपाल पहले से मौजूद था। उसने मुझ पर हमला बोल दिया। बिल्डर बोले- मुझे बेरहमी से मारा-पीटाबिल्डर अनिल शर्मा ने बताया- मुझे कृष्णपाल ने गालियां दीं, जबकि लेखपाल भी पास में खड़े थे। इसके बाद मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जमीन पर गिरा कर मुझ पर लात-घूसे और थप्पड़ बरसाए। मेरे सिर में चोट लगी और पसली टूट गई।

# वैशाली कॉलोनी के नाले में मिले शव की पहचान हुई

**सहारनपुर के गंगोह निवासी इमरान के बेटे का निकला शव, प्रेमी पर हत्या का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,वैशाली कॉलोनी से सटे नाले में मिली छह माह के मासूम की लाश का राज पुलिस खोलने का दावा कर रही है। मासूम की पहचान समीर के रूप में हुई है जो सहारनपुर के गंगोह थाना अंतर्गत ग्राम दौलतपुर छन्नू निवासी इमरान का बेटा था। इस मामले में सहारनपुर में जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है जो मेरठ की नौचंदी थाना पुलिस को ट्रांसफर हो गई। रात ही पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार भी कर लिया। 13 जुलाई को वैशाली कॉलोनी से सटे नाले में एक युवक कबाड़ बीन रहा था। इसी दौरान उसकी नजर नाले के पानी में बह कर आए एक बच्चे पर पड़ी। उसने शोर मचा दिया और फिर लोगों ने मासूम के शव को नाली से बाहर निकाल लिया। मासूम के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई और पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सहारनपुर के दौलतपुर छन्नो निवासी इमरान की तरफ से गंगोह थाने में विशाल नाम के युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज करायी गई। इमरान ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को मेरठ के नाले में जो शव मिला था, वह उसके छह माह के बेटे समीर का था। एक दिन पहले ही उसकी पत्नी बेटे समीर को लेकर गंगोह गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। करीब 13 दिन बाद वह हापुड़ के मुदाफरा गांव में विशाल के घर मिली जबकि समीर वहां नहीं था।

#### फोटो में देखकर शव की करी पहचान

इमरान ने पुलिस को बताया कि उसे जानकारी मिली थी कि मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जुलाई को एक मासूम का शव नाले में उतराता मिला था। उसे शक हुआ कि शव उसी के बेटे का था। वह मेरठ पहुंच गया और मासूम के फोटो देखें। पता चला कि वह शव वास्तव में उसी के बेटे का था। बेटे के फोटो देखकर इमरान रोने लगा।

#### मेरठ के सोहराबगेट अड्डे पर मिला विशाल

इमरान ने पुलिस से शिकायत की और छानबीन शुरू हो गई। उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो चौकाने वाली जानकारी सामने आई। इमरान की पत्नी ने बताया कि 12 जुलाई की रात 11:30 बजे वह मेरठ के सोहराब गेट बस अड्डे पर उतरी। यहां विशाल उसका पहले से इंतजार कर रहा था। विशाल, इमरान की पत्नी को घर ले जाने को राजी हो गया लेकिन उसने बच्चे को साथ ले जाने से मना कर दिया। दोस्त को देकर आने की कहीं बात विशाल ने इमरान की पत्नी से उस बच्चे को अपनी गोद में ले लिया और कुछ देर के लिए अपने दोस्त के यहां छोड़कर आने की बात कही। करीब 5 मिनट बाद वह वापस आ गया। उसने इमरान की पत्नी को बताया कि वह बच्चे को अपने दोस्त के यहां छोड़ आया है।

# प्रोस्टेट कैंसर का इलाज अब बिना ऑपरेशन

**मैक्स हॉस्पिटल में मिलेगी सुविधा, डॉक्टर बोले- सिर्फ कैंसर वाली जगह पर होगा इलाज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों के लिए राहत की खबर है। सेक्टर-128 स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने दावा किया है कि अब लोकलाइज्ड प्रोस्टेट कैंसर का इलाज बिना ऑपरेशन, बिना चीरा और बिना रेडिएशन के भी किया जा सकेगा। अस्पताल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उत्तर भारत में पहली बार रोबोटिक हाई-इंटेंसिटी फोकस्ड अल्ट्रासाउंड यानी फोकल वन तकनीक शुरू की गई है। अस्पताल के मुताबिक इस तकनीक में अल्ट्रासाउंड की हाई-इंटेंसिटी तरंगों से सिर्फ कैंसर वाले हिस्से को निशाना बनाया जाता है। इसमें न शरीर पर चीरा लगाना पड़ता है और न ही रेडिएशन की जरूरत होती है। रोबोटिक सिस्टम और एडवांस इमेजिंग की मदद से इलाज किया जाता है, जिससे आसपास के स्वस्थ हिस्से को कम से कम नुकसान पहुंचाने की कोशिश होती है ।भारत में तेजी से बढ़ रहे प्रोस्टेट कैंसर के मरीजमैक्स हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग के ग्रुप चेयरमैन डॉ. (प्रो.) राजेश अहलावत ने कहा कि प्रोस्टेट कैंसर दुनिया में पुरुषों में सबसे ज्यादा पाए जाने वाले कैंसरों में शामिल है। भारत में भी बढ़ती उम्र, बेहतर जांच और जागरूकता के कारण इसके मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह तकनीक मरीजों के लिए इलाज का एक नया और बेहतर विकल्प साबित हो सकती है।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**7 फार्महाउस ध्वस्त ,32 हजार वर्गमीटर जमीन कराई कब्जामुक्त**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, प्राधिकरण ने करीब 4 बजे ग्राम कोण्डली बांगर और ग्राम झट्टा में अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलाया। इस अभियान में डूब क्षेत्र में बने सात अवैध फार्महाउस ध्वस्त किए गए, जबकि दोबारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 32,670 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

#### डूब क्षेत्र में बने 7 फार्महाउस तोड़े

प्राधिकरण के वर्क सर्किल-10 की टीम ने ग्राम कोण्डली बांगर के डूब क्षेत्र में करीब 10 हजार वर्गमीटर भूमि पर बने सात अवैध फार्महाउस ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्राधिकरण के अनुसार, संबंधित भूमि सिंचाई विभाग की है, जबकि उसके पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के पास है। जांच में वहां पक्के निर्माण कर अवैध रूप से फार्महाउस बनाए गए थे, जिन्हें बुलडोजर से हटाया गया कुल 32,670 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया कुल 32,670 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया ।दोबारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग हटाइ इसके बाद टीम ने ग्राम झट्टा के खसरा संख्या-456 में दोबारा अवैध प्लॉटिंग किए जाने की सूचना पर कार्रवाई की।



# एसएससी परीक्षा में हाईटेक नकल का मास्टरमाइंड अलवर से गिरफ्तार

**टीएफटी स्क्रीन से बाहर बैठा सॉल्वर देता था पेपर, एसटीएफ ने खोला पूरे नेटवर्क का राज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, कर्मचारी चयन आयोग की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में हाईटेक तरीके से नकल कराने वाले गिरोह के फरार मास्टरमाइंड को आखिरकार एसटीएफ ने शाम साढ़े पांच बजे राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लोकेश पिछले 2 महीने से फरार चल रहा था। जांच में सामने आया है कि वही ऐसी मॉडिफाइड स्क्रीन तैयार करता था, जिनकी मदद से परीक्षा केंद्र के बाहर बैठा सॉल्वर अभ्यर्थी की जगह पूरा पेपर हल कर देता था। इस पूरे फजीवाड़े का खुलासा 22 मई 2026 को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित बालाजी डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर हुआ था। एसटीएफ ने सेंटर संचालक प्रदीप चौहान, हैकर अमित राणा समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मौके से करीब 50 लाख रुपये नकद, प्रॉक्सी सर्वर और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए थे।

# ग्राम प्रधान का 'डॉक्टरेट इन सोशल वर्क' की मानद उपाधि मिलने पर हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय। ग्राम पंचायत नागर के प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी को सामाजिक सेवा एवं ग्राम पंचायत के समग्र विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में 'डॉक्टरेट इन सोशल वर्क' की मानद उपाधि मिलने पर भगवान परशुराम सेवा समिति, गुरसराय द्वारा सम्मानित किया गया। भगवान परशुराम मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में समिति के अध्यक्ष मेजर अखिलेश पिपरईया, रामनारायण पस्तोर, शिवकुमार तिवारी एवं रासबिहारी तिवारी ने अनुज द्विवेदी का फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर अनुज द्विवेदी ने ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी उन्हें राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी झांसी, मुख्य विकास अधिकारी झांसी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेजर अखिलेश पिपरईया ने कहा कि अनुज द्विवेदी की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर जे.जे. मिश्रा, अश्वनी पस्तोर, अरुण चतुर्वेदी, स्वदेश पाठक, राजकुमार गुप्ता, अशोक मिश्रा, गौरव पटेरिया, विजय नायक, योगेश व्यास, मोनू मिश्रा, अशोक पटेरिया, हेमंत विदुआ, धर्मेश त्रिपाठी, केशकुमार पुजारी, गिरीश अरजरिया, अवनीश देवलिया, अखिलेश तिवारी, अभिषेक चौबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अखिलेश द्विवेदी ने संभाला कोतवाली गरौठा का कार्यभार

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति द्वारा किए गए पुलिस विभाग के तबादलों के क्रम में गरौठा कोतवाली को नया प्रभारी निरीक्षक मिल गया है।प्रभारी यूपी-112 झांसी से स्थानांतरित होकर आए अखिलेश द्विवेदी ने गरौठा कोतवाली का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह का स्थानांतरण थाना एरच कर दिया गया था।कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जुआ, अवैध शराब, सट्टा, अवैध खनन और अन्य गैरकानूनी कार्यों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही।उन्होंने महिला संबंधी मामलों को प्राथमिकता देते हुए ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पीड़ित को निष्पक्ष एवं त्वरित न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।अखिलेश द्विवेदी ने यह भी बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# चोपन पुलिस ने चोरी/चेन स्नैचिंग की घटना में 01 शातिर चोर गिरफ्तार

**सोने की चेन बिक्री से प्राप्त 42,170/- एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल धारा 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत बरामद**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, चोरी की घटना का सफल अनावरण करने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन गोपाल जी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-170/2026 धारा 304(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त खुर्शीद आलम उर्फ कोर्शीद आलम पुत्र समसुद्दीन, निवासी सेवा सदन बाड़ी डाला (मस्जिद के पास), थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, हाल पता ग्राम वर्दिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 36 वर्ष को दिनांक 01.08.2026 को समय करीब 11:18 बजे रॉबर्ट्सगंज कचहरी चौक गेट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से सोने की चेन की बिक्री से प्राप्त 42,170/- नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल, जिसे धारा 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत निरुद्ध किया गया है, बरामद की गई। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 09.05.2026 को वादी मुद्रिका सेठ पुत्र स्व0 रामचन्दर सेठ, निवासी अमन विहार कालोनी, नई बस्ती डाला, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना चोपन पर लिखित तहरीर दी गई कि उनकी पत्नी श्रीमती प्रभा देवी प्रातः मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं।इसी दौरान वीरवल के घर के पास एक व्यक्ति द्वारा उनकी सोने की चेन छीनकर भाग गया। घटना के बाद शोर मचाने के बावजूद सुबह का समय होने के कारण आसपास कोई व्यक्ति मौके पर नहीं मिल सका। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0-170/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

खास समाचार

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिखाई संवेदनशीलता, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल पहुंचाया अस्पताल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।सम्पूर्ण समाधान दिवस, दुद्धी में प्रतिभाग करने के लिए जाते समय गुरमुरा के समीप सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को देखकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। दोनों अधिकारियों ने तत्काल अपना काफिला रुकवाकर घायल व्यक्ति का हालचाल जाना और बिना किसी विलंब के अपने स्कॉर्ट वाहन से उसे निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाकर उपचार सुनिश्चित कराया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायल व्यक्ति को आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं तथा उपचार में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों अधिकारियों की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की।

## कोन पुलिस ने न्यायालय से निर्गत 07 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा रहे वांछित/वारंटी गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोन पुलिस टीम द्वारा मा० न्यायालय अपर सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम० दुद्धी, जनपद सोनभद्र द्वारा निर्गत वारंट के अनुपालन में कुल 07 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

## अनपरा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वांछित गैंग लीडर को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।उक्त अभियान के क्रम में थाना अनपरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-171/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त एवं गैंग लीडर संजय यादव पुत्र राजेश यादव निवासी पड़रछ झिरगाडंडी थाना कोन, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष को दिनांक 01.08.2026 को समय करीब 09:30 बजे गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्किल दुद्धी का अर्दली रूम आयोजित कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा एवं थाना दुद्धी का निरीक्षण किया गया

**विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, जनशिकायतों के त्वरित समाधान एवं बेहतर पुलिसिंग हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नियमित रूप से प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.08.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना दुद्धी परिसर में सर्किल दुद्धी के अंतर्गत आने वाले समस्त थानों के थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी/ विवेचकों के साथ अर्दली रूम/अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की गई। अर्दली रूम के दौरान थाना दुद्धी, बभनी, विण्ढमगंज, म्योरपुर एवं बीजपुर के थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी/ विवेचकों से लंबित विवेचनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई–

लंबित विवेचनाओं (अंतिम रिपोर्ट सहित) के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण की समीक्षा।

आंशिक रूप से लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश।

वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की प्रगति की समीक्षा।

जनशिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा।

थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा।

आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम एवं जुआ अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा।

आईजीआरएस संदर्भों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा।

यक्ष ऐप पर की गयी फीडिंग की समीक्षा।

ई-साक्ष्य/एसआईडी की समीक्षा।

माह में किए गए सराहनीय कार्यों की समीक्षा।

एनबीडब्ल्यू वारंटों की गिरफ्तारी की समीक्षा।

मोबाइल रिकवरी एवं साइबर अपराधों में लिन प्रतीशत की समीक्षा।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाए। अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# जिलाधिकारी ने दुद्धी क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को तहसील दुद्धी स्थित आवासीय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी दुद्धी को आवासीय परिसर की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु तत्काल एस्टीमेट तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जा सके। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए परिसर में प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, दुद्धी में निमार्णाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि सितंबर माह तक गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। छात्रावास परिसर में रिक्त स्थान पर बैडमिंटन कोर्ट विकसित कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि शेष कार्य पूर्ण कर एक सप्ताह के भीतर ट्रांजिट हॉस्टल को हैंडओवर कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। छात्रावास में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भाऊराव देवरस महाविद्यालय परिसर में निमार्णाधीन हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# अज्ञात कारणों से महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

ककरवई (झांसी)। ककरबई थाना क्षेत्र के ग्राम जखौरा में एक 35 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना से गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, वीरवती (35) पत्नी मुकुंद पाल निवासी ग्राम जखौरा ने शनिवार की रात करीब 9:30 से 10:00 बजे के बीच अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसका पति मजदूरी के लिए पुणे में था।




दंपति की शादी लगभग 15 वर्ष पहले हुई थी। मृतका अपने पीछे 11 वर्षीय पुत्र और 9 वर्षीय पुत्री को छोड़ गई है। सूचना पर ककरवई थाना पुलिस मौके पर पहुंची।फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद उपनिरीक्षक जयपाल ने पुलिस टीम के साथ पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अगस्त महीने के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा उप जिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता ने 89 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये । इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 81 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।इस मौके पर तहसीलदार दुद्धी, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02- सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 85 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 75 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार पासवान, तहसीलदार ने शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार पासवान व तहसीलदार ओबरा आदि ने 86 शिकायतों को सुनते हुए,मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 07 मामले निस्तारित हुए, बाकी 79 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

# मछलीकांछ बस स्टैंड से ककरवई तक सड़क बनी गड्ढों का जाल

**राहगीरों का निकलना हुआ मुश्किल**

अमन लेखनी समाचार



ककरवई (झांसी)। गरौठा-ककरवई मार्ग पर मछलीकांछ बस स्टैंड से ककरवई तक करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से बदहाल पड़ी है।सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक उदासीन बना हुआ है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाने से यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क।इससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा लगातार बना रहता है। यह मार्ग ककरवई,सिया, खरका, बरमाईन, खरबांच, धमनोड, बरगांय आदि गांवों को सीधे गरौठा तहसील मुख्यालय से जोड़ता है, इसलिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र, किसान, व्यापारी और आम नागरिक इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। राजेंद्र कुमार तिवारी ग्राम प्रधान ककरवई वीरेन्द्र सिंह यादव (वीरू नाटा), गजराज यादव ,चंद्रप्रकाश द्विवेदी (पत्रकार) ,उमाशंकर सोनी हरेंद्र यादव सहित आदि स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देते हैं और क्षेत्रवासियों को जर्जर सड़क से कब राहत मिलती है।

# श्रावण मास की तैयारियों का डीआईजी ने लिया जायजा



**, पंचमुखी शिव मंदिर इटहिया का किया निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज। श्रावण मास के दौरान शिव भक्तों की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए शनिवार को गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एस. चन्नप्पा ने पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के साथ पंचमुखी शिव मंदिर, इटहिया का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग तथा यातायात प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया। डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों को श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित पुलिस गश्त, प्रभावी निगरानी, भीड़ नियंत्रण एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान क्षेत्राधिकारी (सीओ) निचलौल, अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी), पुलिस क्षेत्राधिकारी निचलौल, ठूठीबारी थाना पुलिस सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## नेटफ्लिक्स की सीरीज 'चुंबक' देने आ रही हंसी की डोज...

मुंबई। नेटफ्लिक्स ने साल की शुरुआत में अपने पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा 'चुंबक' का ऐलान किया था। आतिश कपाड़िया द्वारा लिखित और निर्देशित इस सीरीज का निर्माण जमनादास मजीठिया और आतिश कपाड़िया ने अपने बैनर हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस के तहत किया है। इसमें दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता, देवेन भोजानी, अमायरा दस्तूर, अर्जुन बिजलानी, अनंत वी जोशी और हेली शाह समेत कई कलाकार मौजूद हैं। 'चुंबक' की कहानी मुंबई के एक पुराने रो-हाउस में रहने वाले 5 अलग-अलग परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अप्रत्याशित हालातों में फंसकर एक परिवार बन जाते हैं।

लाइफ Style

## रश्मिका हुईं चोटिल, 6 हफ्ते के लिए बेड रेस्ट पर गईं

फिल्म इंडस्ट्री में शूटिंग के दौरान कलाकारों के चोटिल होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। हाल ही में जूनियर एनटीआर, राम चरण और बालकृष्ण के घायल होने के बाद अब रश्मिका मंदाना के चोटिल होने की खबर सामने आ रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी आगामी फिल्म के सेट पर वो एक गंभीर हादसे का शिकार हो गईं, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें काम से ब्रेक लेकर पूरी तरह आराम करने की सलाह दी है। इस खबर से फैंस काफी चिंतित हैं। रश्मिका फिल्म 'मैसा' के सबसे खास और मुख्य डांस सीक्वेंस के लिए जमकर प्रैक्टिस कर रही थीं। हैदराबाद में पिछले कुछ दिनों से एक मशहूर कोरियोग्राफर की देखरेख में इस गाने का रिहर्सल चल रहा था। हालांकि, 31 जुलाई को डांस प्रैक्टिस के दौरान पैर फिसलने की वजह से उनके कूल्हे में गंभीर चोट लग गई। कूल्हे की हड्डी फ्रैक्चर होने के कारण वो मौके पर ही हिलने-डुलने में असमर्थ हो गईं। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में एक्स-रे और स्कैन के बाद डॉक्टरों ने रश्मिका की चोट को काफी गंभीर बताया है। उनकी पीआर टीम के मुताबिक, जांघ की मांसपेशी को हड्डी से जोड़ने वाली नस (टेंडन) खिंचकर पूरी तरह अलग हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसी चोटें आमतौर पर खिलाड़ियों को ही लगती हैं। इसे ठीक करने के लिए रश्मिका को कम से कम 6 हफ्ते का बेड रेस्ट, फिजियोथेरेपी और थेरेपी की सख्त जरूरत है।



हॉलीवुड मसाला



## हॉलीवुड में खुद को दी सबसे बड़ी चुनौती

लॉस एंजिल्स। दिशा पटानी ने 'हॉलिगाइर्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' से अपना हॉलीवुड सफर शुरू किया है। उन्होंने बताया कि यह अनुभव उन्हें उनके कंफर्ट जोन से बाहर ले गया और उन्हें एक अभिनेता के रूप में बढ़ने का मौका मिला। कई ऑडिशन के बाद, उन्हें यह भूमिका पाकर बहुत खुशी हुई और उन्होंने अपना पूरा ध्यान इस पर लगाया। अंतर्राष्ट्रीय कास्ट के साथ काम करके खुश हैं दिशा पटानी- अंतर्राष्ट्रीय कास्ट और क्रू के साथ काम करना दिशा के लिए एक बिल्कुल नया अहसास था।






## सीता के रूप में नजर आईं कंगना...

मुंबई। नमित मल्होत्रा की पौराणिक फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर 30 जुलाई को रिलीज किया गया था। फिल्म में साई पल्लवी 'माता सीता' के किरदार में हैं। उनके लुक को सोशल मीडिया पर खूब प्यार मिल रहा है। इस बीच, अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अपने बचपन की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह स्कूल के दौरान 'सीता' के किरदार में दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ-साथ उनका कैप्शन लोगों का ध्यान खींच रहा है।

तस्वीर में सीता के रूप में नजर आईं कंगना

कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 2 तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में उन्हें लाल रंग की साड़ी पहने 'माता सीता' के अवतार में देखा जा सकता है। वह एक हाथ से आशीर्वाद वाली मुद्रा बनाए हुए हैं।



## किंग में विलेन बनकर टक्कर देंगे राघव

मुंबई। शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' इस साल क्रिसमस पर तहलका मचाने आ रही है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी रही इस एक्शन थ्रिलर में राघव जुयाल भी मौजूद हैं, जिन्हें लेकर कहा जा रहा था कि वह इसमें युवा विलेन के किरदार में नजर आएंगे। हालांकि, अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' के प्रमोशन के दौरान राघव ने इन चर्चाओं पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने बताया कि फिल्म को अनोखे तरीके से फिल्माया जा रहा है। 'किंग' में सुहाना खान, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत, अनिल कपूर, अरशद वारसी और अभय वर्मा जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ये 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जब राघव से 'किंग' में विलेन का किरदार निभाने की अफवाहों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ये बिल्कुल, सारा झूठ बोल रहे हैं।

## 'स्पाइडर-मैन' को अलविदा कहेंगे टॉम हॉलैंड...

लॉस एंजिल्स। मार्वल की फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के जरिए टॉम हॉलैंड ने 'पीटर पार्कर' के रूप में वापसी की है। हाल ही में, उन्होंने बताया कि 'स्पाइडर-मैन' के भविष्य के लिए मार्वल स्टूडियोज और सोनी पिक्चर्स के पास उनके किरदार की विदाई को लेकर पहले से योजना तैयार है। अभिनेता ने खुशी जताई कि उनकी जगह भविष्य में कोई और 'स्पाइडर-मैन' के किरदार को आगे लेकर जाएगा। टॉम ने यह भी बताया कि वह किसे इस किरदार में देखना चाहेंगे। हैप्पी सैड कन्फ्यूज्ड पॉडकास्ट से बातचीत में, टॉम ने कहा, स्पाइडर-मैनः नो वे होम की शूटिंग खत्म होने के बाद से ही हम एक पूरी योजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना तैयार है। इसमें कुछ बदलाव जरूर होंगे, लेकिन कमान सौंपने को लेकर मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है।

फिल्मी मसाला



## रामानंद सागर की 'रामायण' में जुगाड़ से बनाई ज्वैलरी

मुंबई। नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा की रामायण को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। चार हजार करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी इस फिल्म की रामानंद सागर की 'रामायण' से तुलना हो रही है जिसकी मेकर्स को शायद उम्मीद भी रही होगी। रामानंद सागर ने अपनी 'रामायण' से इस महाकाव्य को टीवी पर कुछ ऐसे पेश किया जिसकी आज तक कोई बराबरी नहीं कर पाया है। अब भले ही नितेश तिवारी की रामायण 4000 करोड़ के बजट में बनी है, लेकिन रामानंद सागर ने महज 8-9 करोड़ की लागत से 78 एपिसोड्स शूट किए थे। अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया, सुनील लहरी स्टारर रामानंद सागर की 'रामायण' का बजट भले ही सीमित था, लेकिन डायरेक्टर ने इफेक्ट्स, कॉस्ट्यूम और आभूषणों में कोई कमी नहीं छोड़ी थी। उन्होंने जुगाड़ लगा-लगाकर इस सीरियल को भारतीय टेलीविजन के इतिहास में दर्ज कराया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन दिनों पैसे काफी सीमित होते थे जिसके चलते डायरेक्टर ने 8-9 करोड़ की लागत से पूरा सीरियल बनाया था जिसमें पूरी स्टारकास्ट की फीस भी शामिल है।

*जुगाड़ से शूट हुई थी 'रामायण'* : डायरेक्टर ने इस महाकाव्य के लिए खुद ही कास्टिंग की थी। उन्होंने ज्वैलरी और कॉस्ट्यूम बनाने के लिए भी हर मुमकिन जुगाड़ किया। उस दौर में वीएफएक्स वगैरह तो होते नहीं थे, ऐसे में रामानंद सागर ने अगरबत्ती की मदद से कोहरे का सीन शूट किया था। वो अगरबत्ती के धुएं से कोहरे वाला इफेक्ट क्रिएट करते थे।

### डायरेक्टर ने खुद डिजाइन करवाई थी ड्रेस

रामानंद सागर ने अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए हर जिम्मा खुद उठाया था। वो कॉस्ट्यूम से लेकर ज्वैलरी तक सबकुछ खुद ही डिजाइन करवाते थे। सीरियल में दीपिका चिखलिया के सीता कॉस्ट्यूम से लेकर अरुण गोविल के राम किरदार के लिए 'मगनलाल ड्रेसवाला' ने कपड़े डिजाइन किए थे। पूरी स्टारकास्ट के कॉस्ट्यूम इन्होंने ही बनवाए थे। इस कंपनी को अब 100 साल से ज्यादा समय हो चुका है।

### ज्वैलरी हीराभाई पटेल से कराई थी डिजाइन

रामानंद सागर ने पूरी कास्ट की ज्वैलरी मशहूर आर्ट डायरेक्टर हीराभाई पटेल से डिजाइन करवाई थी। उन्होंने ही 'रामायण' के सारे सेट डिजाइन किए थे, जिनमें रावण के महल से लेकर लंका और अशोक वाटिका तक शामिल है। वो हर कास्ट की ज्वैलरी अपने हाथों से कागज पर बनाकर उसे पेंट करते थे। इस पूरे प्रोसेस में डयरेक्टर उनके सामने बैठे रहते थे।

## 'टॉक्सिक' में अपनी भूमिका पर की बात, किया बड़ा खुलासा...

मुंबई। कियारा अड़वाणी ने बताया है कि आने वाली फिल्म 'टॉक्सिकः अ फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नदिया का उनका किरदार अब तक का सबसे ज्यादा संतुष्टि देने वाला रहा है। इस फिल्म को गीतू मोहंदास ने निर्देशित किया है और इसमें यश दौहरी भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी और गीतू के नरेशन ने कियारा को तुरंत अपनी ओर खींच लिया। दरअसल, उनके किरदार (नदिया) में जो गहराई थी, उसी ने कियारा को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। कियारा बताती हैं कि गीतू के नरेशन ने उन्हें सचमुच मंत्रमुग्ध कर दिया था।

*'टॉक्सिक' में नदिया की जटिलताओं को समझाया* : कियारा ने नदिया के किरदार को ताकत, कमजोरी, पागलपन और अलगाव का मिला-जुला रूप बताया। उनके मुताबिक, 'यह ऐसा किरदार था जिसके लिए कोई भी अभिनेता तरसता है'। इस किरदार की तैयारी के लिए कियारा ने सबसे पहले नदिया के जज्बातों को समझा, उसके बाद उन्होंने अपने हाव-भाव और आवाज पर काम किया। कियारा ने अपनी सह-कलाकारों नयनतारा,



हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वासंथ की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन सभी ने फिल्म के सिनेमैटिक यूनिवर्स में कुछ अनोखा योगदान दिया है। फिल्म 'टॉक्सिक' को वैसे तो कन्नड़ और इंग्लिश में शूट किया गया है, लेकिन यह हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषाओं में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## एक बार फिर साथ दिखेंगी ये सुपरहिट जोड़ियां

*मुंबई। मोहित सूरी की अगली फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आएगी। वहीं, इम्तियाज अली की आगामी फिल्म में वेदांग रैना और शरवरी भी दोबारा स्क्रीन साझा करते हुए नजर आएंगे। इन लोकप्रिय जोड़ियों की वापसी ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। ऐसे में आइए जानते हैं बॉलीवुड की उन चर्चित ऑन-स्क्रीन जोड़ियो के बारे में, जो जल्द ही फिर एक साथ नजर आएगी।*

### अहान पांडे-अनीत पड्डा

अहान और अनीत ने मोहित की रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 'सैयारा' से एक साथ बॉलीवुड में कदम रखा और अपनी शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म के भावनात्मक अंदाज और लोकप्रिय गानों ने इसे बड़ी रोमांटिक हिट बना दिया। अब खबर है कि यह लोकप्रिय जोड़ी एक बार फिर मोहित की अगली रोमांटिक फिल्म में साथ नजर आएगी, जिसकी शूटिंग अक्टूबर-नवंबर 2026 में शुरू होने की संभावना है।

### शरवरी-वेदांग रैना

इम्तियाज के पीरियड ड्रामा 'मैं वापस आऊंगा' में नजर आए शरवरी और वेदांग ने अपने शानदार अभिनय के लिए खूब तारीफें बटोरी थीं। अब फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' की सफलता के बाद, यह ऑन-स्क्रीन जोड़ी कथित तौर पर इम्तियाज की एक और फिल्म



के लिए फिर से साथ नजर आने वाली है, जिसकी शूटिंग इसी साल नवंबर में शुरू होगी। हालांकि, इसकी रिलीज की तारीख का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

### शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण

2007 में आई फिल्म 'ओम शांति ओम' में शाहरुख खान के साथ डेब्यू करने के बाद से ही दीपिका पादुकोण ने उनके साथ कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्में में काम किया, जैसे 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'हैप्पी न्यू ईयर', 'पठान' और 'जवान'। अब वो दोनों जल्द ही फिल्म 'किंग' में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए शाहरुख की बेटी सुहाना बॉलीवुड डेब्यू करेंगी।

### सनी देओल-प्रीति जिंटा

सनी देओल और प्रीति जिंटा फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई' और 'फर्ज' में साथ नजर आए थे। वहीं अब यह लोकप्रिय जोड़ी एक बार फिर 'बटवारा 1947' में एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं और इसे आमिर खान निर्मित कर रहे हैं। यह फिल्म लंबे समय बाद सनी और प्रीति की बड़े पर्दे पर वापसी को लेकर चर्चा में है।

## फिल्मों व सीरीज में रोमांटिक कॉमेडी से लेकर साइकोलॉजिकल थ्रिलर और सुपरहीरो

# सावन के महीने में ओटीटी-थिएटर्स में लगेगा मनोरंजन का मेला

*नई दिल्ली। शुक्रवार मतलब वीकेंड वाली फीलिंग और काम करने का मन करना। सिने लवर्स तो आज ही से प्लान बनाने में लग जाते हैं कि छुट्टी वाले दिन उन्हें क्या देखना है। अगर आप भी वीकेंड पर कहीं न जाने का प्लान कर रहे तो हम आपके लिए सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्में और सीरीज लेकर आए हैं जिन्हें आप घर बैठकर मजे से बिंज वॉच कर सकते है। इस बार सिनेमा के पिटारे में क्या-क्या है चलिए जानते है।*



### द डेविल वेयर्स प्राडा 2

पहली फिल्म के लगभग दो दशक बाद, 'द डेविल वेयर्स प्राडा 2' दर्शकों को मिरांडा प्रीस्टली से फिर से मिलाती है, जो तेजी से बदलती फैशन इंडस्ट्री में अपना रास्ता बना रही हैं। यह सीक्वल बदलती फैशन इंडस्ट्री, कॉर्पोरेट कॉम्पटीशन और बदलते रिश्तों की कहानी है। साथ ही इसमें वही तीखा मजाक, ग्लैमर और वर्कप्लेस ड्रामा भी है जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में इतना लोकप्रिय बनाया था।

### रोमांसः माय लाइफ विद द वॉल्टर बॉयज

आने वाले तीसरे सीजन में, जैकी सिल्वर फॉल्स लौटती है। वह अपने रिश्तों को फिर से बनाने और एलेक्स और कोल के लिए अपनी उलझी हुई भावनाओं के बीच साफ सोच पाने के लिए पक्का इरादा कर चुकी है। जब वॉल्टर परिवार नई चुनौतियों का सामना करता है, तो जैकी प्यार, अपनी तरक्की और मुश्किल फैसलों के बीच अपना रास्ता बनाती है और यह भी पता लगाती है कि असल में उसकी जगह कहा है। आप इसे 6 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### बालनः द ब्वॉय

बालन अपनी मां के साथ एक महिला जेल में बड़ा होता है। उसका बचपन अपनी पहचान बदलते हुए और छिपते-छिपाते बीतता है। जब वह अपने अतीत का सच जानने की कोशिश करता है, तो वह दबे हुए राज, खतरनाक खुलासों और भावनात्मक खोजों के ऐसे जाल में फंस जाता है जो उसकी जिंदगी के बारे में उसकी सारी सोच को ही बदल देता है। आप इसे जी5 पर देख सकते हैं।

### नूरु स्वामी

असल जिंदगी की घटनाओं पर आधारित यह इमोशनल तमिल ड्रामा, मुश्किलों, त्याग और हिम्मत के बीच मां और बेटे के मजबूत रिश्ते को दिखाती है। 'नूरु स्वामी' 31 जुलाई से जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

### राव बहादुर

यह तेलुगु साइकोलॉजिकल ड्रामा एक ऐसे रईस परिवार की कहानी है जिसका रुतबा अब कम हो रहा है। इसमें शक, अविश्वास और छिपे हुए सच को दिखाया गया है, साथ ही मुख्य किरदार अपनी अंदरूनी उलझनों से जूझता है। आप इसे 31 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया गया है।

### है जवानी तो इश्क होना है

वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े और मनीष पॉल स्टारर यह रोमांटिक कॉमेडी 'जस' की कहानी है। उसकी शादी टूट जाती है, लेकिन विदेश में शुरू हुई एक नई लव स्टोरी उसे प्यार, वफादारी और कमिटमेंट के बारे में फिर से सोचने पर मजबूर कर देती है। आप इसे 31 जुलाई, 2026 से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ गई है।